कोटद्वार, शनिवार
8 मार्च 2025
वर्ष: 46
अंक: 293 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने12वीं मंजिल से कूदकर जान दी

बेंगलुरु,कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में 30 वर्षीय एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने स्वास्थ्य समस्याओं और स्टार्टअप में हुए नुकसान की वजह से अपनी जान दे दी। युवक की पहचान मयंक राजानी के रूप में हुई है, जिन्होंने कुडलू के पास हरलुर रोड पर स्थित अपने अपार्टमेंट की 12वीं मंजिल से कूदर आत्महत्या की है। जिस समय उन्होंने अपनी जान दी, उस समय उनकी महिला मित्र बेडरूम में सो रही थी। घटना 4 मार्च सुबह 6 बजे की बताई जा रही है।

राजानी मूल रूप से उत्तर प्रदेश के लखनऊके रहने वाले हैं। वह 2018 में बेंगलुरु चले गए थे और घर के ही पास एक सॉफ्टवेयर कंपनी में काम करते थे।

घटना की सूचना के बाद उनके पिता मनोहर लाल बेंगलुरु पहुंचे और परप्पना अग्रहारा पुलिस में अपनी शिकायत दी है। हालांकि, उन्होंने किसी पर आरोप नहीं लगाया है। राजानी एक अन्य सॉफ्टवेयर इंजीनियर के साथ अपना कमरा साझा करते थे और यह बात दोनों के परिवारों को पता थी। परिवार ने पुलिस को बताया कि राजानी की रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन हुआ था, जिसका दर्द बना रहा था। इसको लेकर उसकी दवाएं भी चल रही थी। परिवार का कहना है कि राजानी ने अपनी बचत की गई रकम और परिवार से कुछ उधार रुपये लेकर स्टार्टअप शुरू किया था, जिसमें उसे नुकसान हुआ। इसके बाद से राजानी काफी मानसिक रूप से परेशान रहने लगा। आत्महत्या का कारण मानसिक परेशानी और स्वास्थ्य कारण बताया जा रहा है।

### बीजेपी नेता और केंद्रीय मंत्री ने बदला सडक़ का नाम, राजनीति गरमाई

नई दिल्ली,राजधानी दिल्ली में एक बार फिर सडक़ के नाम को लेकर जंग छिड़ गई है. ताजा जानकारी के मुताबिक बीजेपी के राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा और केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने अपने आवास पर लगी नेमप्लेट में सडक़ का नाम बदल दिया है. पहले दोनों के आवास पर तुगलक रोड लिखा था, अब दोनों नेताओं ने स्वामी विवेकानंद मार्ग लिख दिया है. ऐसा होते ही राजनीति गर्मा गई है.

बीजेपी के राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अपने नए आवास पर सडक़ का नया नाम 6–स्वामी विवेकानंद मार्ग (पहले तुगलक रोड) लिखा है. उन्होंने विधि–विधान से गृह–प्रवेश किया है. वीडियो जारी होते ही विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है. राजधानी दिल्ली में किसी भी रोड का नाम ऐसे ही नहीं बदल जाता. इसके लिए सबसे पहले दिल्ली म्युनिसिपल कॉरपोरेशन को एक प्रस्ताव भेजा जाता है. इस प्रस्ताव पर म्युनिसिपल कॉरपोरेशन की 13 सदस्यों की एक टीम विचार करती है. इसके बाद अगर प्रस्ताव मंजूर हो जाता है तो एनडीएमसी पोस्ट मास्टर जनरल को इसकी जानकारी दी जाती है.

इससे पहले भी कई बार मुगल शासकों के नाम पर जो सडक़ हैं उनका नाम बदलने की मांग होती रही है. अकबर रोड का नाम संभाजी के नाम पर करने की भी मांग की जा रही है.

### पत्रकारों का महाकुंभ हरिद्वार में, 22 राज्यों से एनयूजे, आई के प्रतिनिधि होंगे शामिल

हरिद्वार। एनयूजेआई की ओर से आठ और नौ मार्च को होने जा रहे राष्ट्रीय अधिवेशन में 22 राज्यों के पत्रकार शामिल होंगे। इसमें पत्रकारों की दशा और दिशा पर गहन मंथन किया जाएगा। प्रेमनगर आश्रम में होने जा रहे अधिवेशन में शामिल होने के लिए पत्रकारों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील दत्त पाण्डे ने बताया कि अधिवेशन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राष्ट्रीय अधिवेशन में देश ही नहीं अपितु मीडिया की वैश्विक चुनौतियों पर भी चर्चा होगी। संगठन के जिलाध्यक्ष आदेश त्यागी ने बताया देश के अलग अलग प्रांतों से आ रहे करीब 200 पत्रकार प्रतिनिधियों के ठहरने खाने और शहर भ्रमण को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया राष्ट्रीय अधिवेशन की जिम्मेदारी मिलना हमारे लिए गौरव की बात है।

# दिल्ली दंगे के आरोपी शाहरुख पठान को मिली अंतरिम जमानत





नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली दंगों के आरोपी शाहरुख पठान को कड़कड़डूमा कोर्ट ने शुक्रवार को 15 दिन की अंतरिम जमानत दे दी। शाहरुख पठान को उसके पिता की बीमारी के आधार पर राहत मिली है।

जानकारी के लिए बता दें कि शाहरुख पठान दो मामलों में मुकदमे का सामना कर रहा है। उस पर 2020 के उत्तर पूर्वी दिल्ली दंगों के दौरान एक पुलिस कांस्टेबल दीपक दहिया पर पिस्तौल तानने का आरोप है।

**पुलिस ने कपिल मिश्रा के खिलाफ एफआईआर का किया विरोध**

राउज एवेन्यू कोर्ट में बुधवार को दिल्ली पुलिस ने 2020 के दिल्ली दंगों में उनकी कथित भूमिका के लिए दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा के खिलाफ एफआईआर की मांग वाली याचिका पर विरोध जताया। लिखित दलीलें दाखिल करते हुए अभियोजन पक्ष ने कहा कि मिश्रा को मामले में फंसाया जा रहा है, क्योंकि उत्तर–पूर्वी दिल्ली दंगों में उनकी कोई भूमिका नहीं थी।

'उत्तर–पूर्वी दिल्ली दंगों में उनकी कोई भूमिका नहीं थी'

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने 27 फरवरी को मिश्रा पर दोष मढ़ने की योजना के बारे में अभियोजन पक्ष की दलीलों पर ध्यान देने के बाद 24 मार्च के लिए आदेश सुरक्षित रख लिया।

तब विशेष लोक अभियोजक अमित प्रसाद ने कहा कि दंगों के पीछे की बड़ी साजिश में मिश्रा की भूमिका की जांच पहले ही की जा चुकी है। डीपीएसजी (दिल्ली प्रोटेस्ट सपोर्ट) समूह की चैट से पता चलता है कि 15 और 17 फरवरी, 2020 की शुरुआत में ही चक्का जाम की योजना बनाई गई थी। पुलिस जांच से पता चला है कि मिश्रा पर दोष मढ़ने की योजना बनाई गई थी। यमुना विहार निवासी मोहम्मद इलियास ने मिश्रा, तत्कालीन दयालपुर थाना प्रभारी और भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट और पूर्व भाजपा विधायक जगदीश प्रधान और सांसद सतपाल सहित पांच अन्य के खिलाफ प्राथमिकी की मांग की।

## शार्ट सर्किट होने से दो लोगों की मौत

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : तहसील थराली अन्तर्गत ग्वालदम स्टेट के पाटला तोक में शार्ट सर्किट होने से दो लोगों की मृत्यु हो गयी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कर्णप्रयाग भेजा गया है। वहीं मौके पर तकनीकी टीम को भेजा गया है जो शार्ट सर्किट के कारणों की जांच करेगी।

जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि शुक्रवार को प्रातः 06 बजे करीब ग्वालदम स्टेट के पाटला तोक के आवासीय भवन में शार्ट सर्किट होने से आग लग गयी। मौके पर घर में पांच लोग मौजूद थे। आग से झुलसने से हरमा देवी उम्र 80 वर्ष पत्नी स्व. नारायण सिंह व अंकिता गडिया उम्र 10 वर्ष पुत्री दिनेश गड़िया की मृत्यु हो गयी। वहीं अपनी माता और पुत्री को बचाने में दिनेश गडिया भी आंशिक रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घटना के तुरन्त बाद डीडीआरएफ की टीम को मौके पर रवाना किया गया। जिसके बाद आग पर काबू पा लिया गया। मामला नियमित पुलिस के क्षेत्राधिकार में होने के फलस्वरूप पंचायतनामा आदि की कार्यवाही पुलिस द्वारा करते हुए शवों को पोस्टमार्टम हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कर्णप्रयाग भेजा गया है। वहीं मौके पर तकनीकी टीम को भेजा गया है जो शार्ट सर्किट के कारणों की जांच करेगी।

# श्रीलंकाई नौसेना ने 14 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार



रामेश्वरम (तमिलनाडु),श्रीलंकाई नौसेना द्वारा सीमा पार से मछली पकडऩे के आरोप में पंबन क्षेत्र से 14 मछुआरों को गिरफ्तार किए जाने से भारत और श्रीलंका के बीच मछुआरों का मुद्दा फिर से गरमा गया है. रामेश्वरम मछुआरा संघ के अनुसार गिरफ्तार किए गए मछुआरों को जांच के लिए मन्नार नौसैनिक अड्डे पर ले जाया गया है.

यह घटनाक्रम पिछले महीने 23 फरवरी को हुई एक समान घटना के बाद सामने आया है, जिसमें श्रीलंकाई अधिकारियों ने द्वीप राष्ट्र के जलक्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया था और उनकी पांच नौकाएं जब्त कर ली थीं. श्रीलंकाई नौसेना ने एक बयान जारी कर बताया था कि इन मछुआरों को मन्नार के उत्तर में एक विशेष अभियान के दौरान पकड़ा गया था.

इन ताजा गिरफ्तारियों के साथ, इस साल अब तक लगभग 150 भारतीय मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है और 18 नौकाएं जब्त की गई हैं. यह आंकड़ा चिंताजनक है और दोनों देशों के बीच मछुआरों के मुद्दे की गंभीरता को दर्शाता है.मछुआरों का मुद्दा भारत और श्रीलंका के बीच लंबे समय से एक विवादास्पद विषय रहा है. पाक जलडमरूमध्य क्षेत्र में मछली पकडऩे को लेकर दोनों देशों के मछुआरों के बीच अक्सर टकराव होता रहता है. अतीत में, श्रीलंकाई नौसेना द्वारा कथित तौर पर भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी करने और उनकी नौकाओं को जब्त करने की घटनाएं भी सामने आई हैं, जिससे तनाव और बढ़ गया है.

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस मुद्दे पर गहरी चिंता व्यक्त की है और केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है. उन्होंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर इस समस्या का स्थायी समाधान खोजने के लिए एक संयुक्त कार्य समूह गठित करने का आग्रह किया है.स्टालिन ने अपने पत्र में कहा, मैं यह पत्र गहरी पीड़ा के साथ लिख रहा हूं, क्योंकि हाल के दिनों में श्रीलंकाई नौसेना द्वारा तमिलनाडु के मछुआरों को पकड़े जाने की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि हुई है... इसलिए मैं एक बार फिर इस लंबे समय से लंबित मुद्दे का स्थायी समाधान खोजने के लिए संयुक्त कार्य समूह को तुरंत बुलाने के अपने पिछले अनुरोध को दोहराता हूं.

# रोजा तोड़कर किया रक्तदान, बचाई कैंसर पीड़ित युवती की जान



देहरादून। दून पुलिस में नियुक्त कांस्टेबल शाहनवाज ने रोजा तोड़ते हुए कैंसर पीड़ित युवती के लिए रक्तदान किया। उनके इस कर्तव्य की पुलिस अफसरों ने भी सराहना की है। शाहनबाज देहरादून पुलिस कार्यालय स्थित पीआरओ शाखा में तैनात हैं।

छह मार्च को सूचना मिली कि मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती एक कैंसर पीड़ित युवती को उपचार के लिए तत्काल प्लेटलेट्स की आवश्यकता है। कांस्टेबल शाहनवाज बिना देर किए अस्पताल पहुंचे। शहनवाज इस समय रमजान के पवित्र महीने में रोजे पर थे। एक युवती के जीवन को बचाने के लिए उन्होंने बिना किसी संकोच के अपना रोजा तोड़कर तुरंत रक्तदान किया। कैंसर पीड़ित युवती के परिजनों ने भी पुलिस के जवान की इस संवेदनशीलता और तत्परता के लिए हार्दिक आभार प्रकट किया।

**पहले भी 78 बार कर चुके हैं रक्तदान**

शाहनवाज इससे पूर्व भी 78 बार स्वेच्छा से रक्तदान कर चुके हैं। उनका यह समर्पण न केवल समाज के प्रति उनकी जागरूकता को दर्शाता है, बल्कि यह भी सिद्ध करता है कि वर्दीधारी पुलिस कर्मी केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि जरूरतमंदों की हर संभव सहायता के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

## ओडिशा के पारादीप बंदरगाह पर भीषण आग

भुवनेश्वर,ओडिशा के पारादीप बंदरगाह पर भीषण आग लग गई. आग लगने से कम से कम 17 नाव जलकर खाक हो गईं. इस दौरान, गैस का टैंक भी फट गया, जिससे लोग घबरा गए. आग बुझाने के लिए दमकल की 13 गाडिय़ों को बुलाया गया. इसके अलावा, कटक से भी दमकल की और गाडिय़ों को मंगवाना पड़ा. आग बुझाने के दौरान, एक व्यक्ति आग की चपेट में आ गया. वह इससे घायल हो गया. इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है.

दरअसल, पोर्ट के जेटी नंबर– 1 में खड़ी नाव पर सबसे पहले आग लगी, इसके बाद एक के बाद एक करके बाकी नावों में आग लग घई. आग इतनी भयंकर थी कि तीन किलोमीटर दूर से आग दिखाई दी. आग लगने के कारण मौके पर भीड़ न लगे, इसके लिए पारादीप, मरीन, जटाधार एस्टूरी, लॉक और अभयचंदपुर पुलिस स्टेशनों की पुलिस मौके पर पहुंच गई. आग लगने का असल कारण तो सामने नहीं आया है पर आशंका जताई जा रही है कि नाव में खाना पकाया जा रहा था, इस दौरान गैस रिसाव हो गया और आग लग गई.

# प्रधानमंत्री के "फिट इण्डिया" अभियान में योग की अहम भूमिका : महाराज

**– पर्यटन मंत्री बोले गंगा के साथ–साथ योग का भी उद्गम स्थल है उत्तराखंड – सात दिवसीय योग महोत्सव का हुआ समापन**



देहरादून। ऋषिकेश न केवल चारधाम यात्रा का प्रवेश द्वार है वरन विश्व योग व आध्यात्म की अन्तर्राष्ट्रीय राजधानी भी है। इस देव भूमि में ऋषि–मुनियों ने कठिन साधना कर स्वास्थ्य रक्षण के लिए योग और प्रणायाम के ऐसे सूत्र तलाशे हैं जो मानव सभ्यता के लिए वरदान साबित हुए हैं। उक्त बात अन्तर्राष्ट्रीय योग महोत्सव के समापन अवसर पर शुक्रवार को शीशम झाड़ी, मुनि की रेती स्थित "गंगा रिजॉर्ट" में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि देश–विदेश से आए योग साधकों, योगाचार्यों, योग गुरूओं, कथावाचक, समस्त प्रतिभागियों, गणमान्य अतिथियों और व्यवस्था में लगे पर्यटन विभाग के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों का धन्यवाद और आभार व्यक्त करते हुए प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज एवं जलागम, मंत्री सतपाल महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड पावन पवित्र गंगा का ही नहीं वरन योग का भी उदगम स्थल है, योग व गंगा भारत के सांस्कृतिक व आध्यात्मिक धरोहर का प्रतीक हैं।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री महाराज ने कहा कि ऋषिकेश सदियों से योग की भूमि रही है। दुनिया भर के संत, महात्मा व साधक की यह साधना भूमि रही हैं। उत्तराखण्ड को योग की वैश्विक राजधानी के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से हर वर्ष की तरह इस बार भी अन्तर्राष्ट्रीय योग महोत्सव 01 मार्च से 07 मार्च तक गंगा जी के पवित्र तट पर आयोजित किया गया। इस आयोजन में देश–विदेश के लगभग 410 प्रतिभागियों ने प्रतिदिन योगाभ्यास किया। योग महोत्सव में विभिन्न देशों से आए 38 विदेशी साधकों ने भी भाग लिया जो कि स्पेन, कनाडा, इजराईल, जर्मन, फ्रांस, नीदरलैंड, जापान, रोमानिया, सिंगापुर, यू०एस०ए०, मैक्सिको, इण्डोनेशिया, एर्जेंटिना आदि देशों से आए हैं। उन्होंने बताया कि सात दिन की इस अवधि में ख्याति प्राप्त योगाचार्यों व योग गुरूओं द्वारा योग प्रशिक्षार्थियों को विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। योग क्रियाओं का अभ्यास कराने वाले प्रमुख योग गुरूओं में स्वामी आत्मस्वरूपानंद सरस्वती, योगिनी उषा माता, ग्रैण्ड मास्टर अक्षर, डा० लक्ष्मीनारायण जोशी, योगिनी उर्मिला पाण्डे, योगी अभिषेक सोती, डा० अर्पिता नेगी, कपिल संधी, डा० नवदीप जोशी, स्वामी बोद्धी वर्धमान, डा० अमित राज, स्वामी जितानंद, योगी जयदेवन, डा० विपिन जोशी आदि प्रमुख हैं।

# अभी ठंड गई नहीं! होली से पहले फिर करवट ले सकता है मौसम



देहरादून। उत्तराखंड में मैदानी क्षेत्रों में आसमान साफ है और तेज धूप खिल रही है। हालांकि, दून के साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों में आंशिक बादल मंडराने के साथ ही हल्की हवाएं चलती रहीं। ज्यादातर क्षेत्रों में अधिकतम तापमान सामान्य के आसपास और न्यूनतम तापमान सामान्य से कम बना रहा।

**उंच्चाई वाले इलाकों में हल्के हिमपात और बूंदाबांदी के आसार**

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में शनिवार को ज्यादातर क्षेत्रों में मौसम शुष्क बना रहने का अनुमान है। पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं–कहीं आंशिक बादल छाये रह सकते हैं। आगामी सोमवार से ज्यादातर पर्वतीय क्षेत्रों में आंशिक से लेकर मुख्यतः बादल छाये रहने की आशंका है। ऊंचाई वाले इलाकों में हल्के हिमपात और बूंदाबांदी हो सकती है।

**पर्वतीय क्षेत्रों में भी सुबह महसूस की जा रही कंपकंपी**

शुक्रवार को दून में सुबह से आसमान साफ रहा और दिन में तेज धूप खिली। लेकिन, कहीं–कहीं हल्की से मध्यम हवाएं भी चलती रहीं। शाम को दून में आंशिक बादल भी मंडराने लगे। इस बीच दून का अधिकतम तापमान सामान्य दर्ज किया गया। जबकि, न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे होने के कारण सुबह और शाम को ठंडक बरकरार है। पर्वतीय क्षेत्रों में भी सुबह कंपकंपी महसूस की जा रही है।

**तेज धूप खिलने से पारे में वृद्धि के आसार**

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, शनिवार और रविवार को प्रदेश में ज्यादातर क्षेत्रों में मौसम शुष्क रह सकता है। तेज धूप खिलने से पारे में वृद्धि के आसार हैं। सोमवार से पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम करवट बदल सकता है, चोटियों पर हिमपात और निचले इलाकों में हल्की वर्षा हो सकती है। निचले इलाकों में मौसम सामान्य रहने के आसार हैं।

## भाषा मुद्दे पर शाह ने स्टालिन पर निशाना साधा

रानीपेट, I केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन से राज्य में तमिल में इंजीनियरिंग और मेडिकल की शिक्षा शुरू करने को कहा. भाषा के मुद्दे विशेष रूप से स्टालिन के हिंदी विरोध को लेकर मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने बदलाव किए और अब यह सुनिश्चित किया है कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के उम्मीदवार अपनी–अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षा दे सकें. चेन्नई से करीब 70 किलोमीटर दूर रानीपेट में आरटीसी थक्कोलम में सीआईएसएफ के 56वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि परीक्षा में उत्तर पुस्तिका तमिल में भी लिखी जा सकेगी. उन्होंने कहा कि मैं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री से छात्रों के लाभ के लिए राज्य में तमिल में इंजीनियरिंग और मेडिकल शिक्षा शुरू करने की अपील करता हूं. उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की संस्कृति ने भारत की सांस्कृतिक धारा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.

# महिला समाज मार्ग दर्शक के साथ ही प्रेरणा का स्त्रोत भी : धामी

**मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं**



**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों विशेष रूप से मातृशक्ति को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि मातृ शक्ति के सहयोग के बिना किसी भी समाज अथवा राष्ट्र का संपूर्ण विकास नहीं हो सकता। भारतीय संस्कृति में शक्ति की पूजा की जाती रही है, महिला समाज मार्ग दर्शक के साथ ही प्रेरणा का स्त्रोत भी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के बेहतर भविष्य के लिए उनका वर्तमान संवारने के लिए राज्य सरकार द्वारा कारगर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत तथा उत्तराखण्ड सहकारी समितियों में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का प्राविधान किया गया है। प्रदेश में अब तक 01 लाख लखपति दीदी बनाई जा चुकी है। अगले वर्ष तक यह लक्ष्य 2.50 लाख करने का रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने समान नागरिक संहिता लागू कर राज्य की जनता से किया वादा पूरा किया है। यह महिलाओं के सम्मान से जुड़ा कानून भी है। कौशल विकास के माध्यम से महिलाओं की आर्थिकी को मजबूती प्रदान की जा रही है।

# मनमोहन सिंह के परिवार ने दी समाधि की मंजूरी, राष्ट्रीय स्मृति स्थल पर बनेगा स्मारक



नईदिल्ली, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के परिवार ने उनकी समाधि के लिए अपनी लिखित मंजूरी दे दी है। डॉ सिंह की समाधि दिल्ली में राजघाट के निकट राष्ट्रीय स्मृति स्थल पर 900 वर्ग मीटर के भूखंड पर बनेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले सप्ताह परिवार ने राष्ट्रीय स्मृति स्थल का दौरा किया था, जिसके बाद डॉ सिंह की पत्नी गुरशरण कौर ने सरकार को स्वीकृति पत्र भेजा है। निरीक्षण के दौरान सिंह की बेटियां उपिंदर और दमन भी मौजूद थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, स्मृति स्थल पर सिर्फ 2 भूखंड खाली पड़े थे, जिनमें एक भूखंड इस साल जनवरी में पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के परिवार को दिया गया था। दूसरा 900 वर्ग मीटर का भूखंड स्मृति स्थल के बीच में है, जो अब सिंह के परिवार को दिया गया है। उपिंदर ने बताया कि भूमि एक ट्रस्ट को आवंटित की जानी है, वे स्मारक के लिए 25 लाख रुपये तक के एकमुश्त अनुदान के लिए आवेदन कर सकते हैं। कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार में 2013 में सिंह के प्रधानमंत्री रहते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राजघाट के पास एक साझा स्मारक भूमि के निर्माण को मंजूरी दी थी। तब मंत्रिमंडल ने यह भी कहा था कि दिवंगत पूर्व राष्ट्रपतियों, उपराष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों का अंतिम संस्कार भी स्मृति स्थल पर किया जाएगा। हालांकि, सिंह का अंतिम संस्कार निगम बोध घाट पर हुआ था। परिसर में 9 समाधि स्थल हैं, जिनका वास्तुशिल्प डिजाइन समाधि स्थल के समान है। राष्ट्रीय स्मृति स्थल परिसर में कुल 9 स्मारक हैं, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव, इंद्र कुमार गुजराल, अटल बिहारी वाजपेयी, चंद्रशेखर, पूर्व राष्ट्रपति आर. वेंकटरमण, पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह, प्रणब मुखर्जी, के आर नारायणन और मनमोहन सिंह शामिल हैं।

## पति ने कुल्हाड़ी से पत्नी को उतारा मौत के घाट

सीधी , जिले के बहरी थाना अंतर्गत सिहौलिया में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। पति ने पत्नी को कुल्हाड़ी से काटकर मौत के घाट उतार दिया और फिर आरोपी पति ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पति के इस कदम से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। ग्रामीण सिर्फ इस हत्याकांड की ही चर्चा कर रहे हैं। फिलहाल घटना का वास्तविक कारण सामने नहीं आया है। हत्या आत्महत्या की वजह को घरेलू विवाद के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल 34 वर्षीय मृतक निवासी सिहोलिया थाना बहरी का रहने वाला था। उसने अपनी 30 वर्षीय पत्नी की हत्या कर खुद फांसी के फंदे पर झूल गया है। पति द्वारा पत्नी के ऊपर धारदार टांगी से गर्दन पर कई वार किया और पत्नी की मौत के बाद कमरे के अंदर जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर बहरी पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और जांच में जुट गई। दोनों शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही कर रही है। पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा ने बताया कि आये दिन पति पत्नी में झगड़ा होता था जिसके कारण घटनाक्रम को अंजाम दिया होगा। बहरहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# होली से पहले मिलावटखोरों पर बड़ी कार्रवाई

**– धूलकोट के पास एक वाहन से तीन कुंतल पनीर और 60 किलो मावा बरामद**

देहरादून। त्योहारी सीजन पर दून जिले में खाद्य पदार्थों से मिलावट के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने पौंटा हाईवे पर धूलकोट के पास एक वाहन से तीन कुंतल पनीर और 60 किलो मावा बरामद किया। इसे फंगस लगी पॉलीथिन में रखा गया था। टीम ने पनीर और मावा को नष्ट करवा दिया। खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ. आर. राजेश कुमार और जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर अपर आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ताजबर सिंह की ओर से खाद्य पदार्थों की मिलावट के खिलाफ क्विक रिस्पांस टीमों का गठन किया गया है। संयुक्त आयुक्त डॉ. आरके सिंह की सूचना के पर जिला अभिहित अधिकारी देहरादून मनीष सयाना के नेतृत्व में टीम ने विकासनगर रूट पर धूलकोट में वाहनों की चेकिंग शुरू की। इसमें एक प्राइवेट कार से तीन कुंतल पनीर और 60 किलो मावा बरामद किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निरीक्षण में यह काफी खराब तरीके से परिवहन करते हुए पाया गया। इसका उपयोग इंसानी सेहत के लिए खतरनाक करार देते हुए शीशमबाड़ा ट्रेंचिंग ग्राउंड में नष्ट कर दिया गया। टीम ने सेलाकुई, प्रेमनगर, सहसपुर में भी डेयरी और मिठाई की दुकानों से पनीर और मावा के तीन नमूने लिए, जिन्हें जांच के लिए भेजा गया है।

# सम्पादकीय

## पहाड़ियों से बैर क्यों?

उत्तराखंड में पहाड़ियों को लेकर की गई टिप्पणी पर बहस उफान चढ़ती हुई नजर आने लगी है। बजट सत्र के दौरान विधानसभा में जो कुछ भी कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल द्वारा पहाड़ के लोगों के लिए कहा गया उसने अब तूल पकड़ लिया है और पूरे प्रदेश में मंत्री को हटाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। सरकार और संगठन पर भी इस मुद्दे को लेकर माथे पर परेशानी साफ नजर आ रही है तो वही संगठन भी कहीं ना कहीं खुले तौर पर ना तो मंत्री का बचाव करने की स्थिति में है और ना ही समर्थन करने की। स्वयं प्रदेश अध्यक्ष इस पूरे मुद्दे को केंद्र के स्तर की बात बोलकर निशाने पर हैं तो वही पार्टी के अन्य नेता भी प्रेमचंद अग्रवाल को मंत्री पद से हटाने या फिर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को लेकर सामने आकर कुछ कह नहीं पा रहे हैं। कहीं ना कहीं इस पूरे प्रकरण से उत्तराखंड और पहाड़ियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी की मंशा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। तमाम संगठन विरोध मुखर हो चुके हैं लेकिन अब तक इस संबंध में किसी भी बड़े मंत्री का बयान उस रूप में सामने नहीं आया है जिससे यह स्पष्ट हो कि सरकार और संगठन उनके इस बयान से खुश नहीं है। साफ है कि संगठन और सरकार पर मंत्री को बचाने का दबाव साफ नजर आ रहा है और यह कारण है कि इस मुद्दे को केंद्र के पहले में डालकर प्रदेश के नेता बचने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि पहाड़ और मैदान को लेकर उत्तराखंड में बहस ना छिड़ी हो लेकिन इस बार सरकार के मंत्री ही पहाड़ियों को लेकर अपशब्द बोलते हुए नजर आए, तो इसके बाद पूरे प्रदेश में पहाड़ियों के सम्मान को लेकर अब एक जुटता नजर आने लगी है। प्रदेश के ही एक और कैबिनेट मंत्री बढ़–चढ़कर उत्तराखंड से आए गढ़वालियों को ही बाहरी बताते हुए इतिहास गिनाने लगे तो कल्पना कीजिए कि अपने ही मंत्री के खिलाफ कैसे यह लोग पहाड़ के समर्थन में बोलने की हिम्मत जुटा पाएंगे? उत्तराखंड वीरों की भूमि है और किन परिस्थितियों में उत्तराखंड वजूद में आया या किसी से छिपा नहीं है। ऐसी परिस्थितियों के बाद भी यदि पहाड़ियों को सदन के अंदर से ही अपशब्द कहे जा रहे हैं तो यह जरूरी है कि मंत्रियों की मनोदशा सुधारने के लिए प्रदेश का हित चाहने वाले उत्तराखंडियों को आवाज उठानी ही होगी, साथ ही ऐसे लोगों को सदन में भेजना होगा जो प्रदेश के लोगों के सम्मान के साथ खिलवाड़ ना करें।

# समय और घटना किसी के बस में नहीं

**हरिशंकर व्यास**

**यदि मोदी को इतने लंबे समय तक राज करना है तो मेरा मानना है कि वे उत्तर प्रदेश और हिंदी भाषी भक्तों के लिए योगी को लगातार मुख्यमंत्री बनाए रखेंगे। यह भारतीय राजनीति का नया कीर्तिमान होगा। साथ ही भारत के भविष्य का अकल्पनीय सिनेरियो भी। क्योंकि मोदी के हिंदुत्व और योगी के हिंदुत्व के तीस–चालीस साल में भारत अंदरूनी तौर पर जो बनेगा, वह छुपा नहीं रहना है। संभवतया यह सिनेरियो नामुमकिन लग रहा हो। तब जरा नई भाजपा पर गौर करें? सन् 2019 के बाद से आरएसएस को दरकिनार कर प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा का चेहरा, चरित्र ही बदल डाला है। भारत की पार्टियों और आजाद भारत का इतिहास है कि केंद्र सरकार की सत्ता तभी संभव है जब राष्ट्रीय चेहरों की धुरी पर पार्टी का विकास हो। साथ ही क्षत्रपों की स्वयंभू ताकत पर पार्टी संगठित हो।**

इंदिरा गांधी ने असली कांग्रेस को पार्टी तोड़ कर खत्म किया था। वही नरेंद्र मोदी ने बिना कुछ किए ही भाजपा और संघ परिवार को अपने रंग में डाला है। सौ टका सत्ता आश्रित बना दिया है।

सोचें, दिल्ली में मुख्यमंत्री के नए चेहरे के हवाले भाजपा के कुल नए अर्थ पर। भाजपा अब क्या है? दो, सिर्फ दो नेताओं के करिश्मे पर आश्रित पार्टी। एक, 74 वर्षीय नरेंद्र मोदी और दूसरे 52 वर्षीय योगी आदित्यनाथ।

दोनों की उम्र में 22 वर्ष का फर्क। ऐसे में नरेंद्र मोदी यदि 2034 तक प्रधानमंत्री रहते है (कोई अनहोनी नहीं, मोरारजी देसाई 81 वर्ष की उम्र में प्रधानमंत्री बने थे और 28 महीने पद पर रह कर 84 वर्ष की उम्र में रिटायर हुए थे) तब वे 84 साल के होंगे और योगी आदित्यनाथ 64 वर्ष के।

तब उनका विकल्प योगी को उत्तराधिकार सुपुर्द करने का होगा। यदि मोदी को इतने लंबे समय तक राज करना है तो मेरा मानना है कि वे उत्तर प्रदेश और हिंदी भाषी भक्तों के लिए योगी को लगातार मुख्यमंत्री बनाए रखेंगे। यह भारतीय राजनीति का नया कीर्तिमान होगा। साथ ही भारत के भविष्य का अकल्पनीय सिनेरियो भी। क्योंकि मोदी के हिंदुत्व और योगी के हिंदुत्व के तीस–चालीस साल में भारत अंदरूनी तौर पर जो बनेगा, वह छुपा नहीं रहना है।

संभवतया यह सिनेरियो नामुमकिन लग रहा हो। तब जरा नई भाजपा पर गौर करें? सन् 2019 के बाद से आरएसएस को दरकिनार कर प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा का चेहरा, चरित्र ही बदल डाला है। भारत की पार्टियों और आजाद भारत का इतिहास है कि केंद्र सरकार की सत्ता तभी संभव है जब राष्ट्रीय चेहरों की धुरी पर पार्टी का विकास हो। साथ ही क्षत्रपों की स्वयंभू ताकत पर पार्टी संगठित हो।

जनसंघ–भाजपा के इतिहास में श्यामा प्रसाद, बलराज मधोक, वाजपेयी यदि धुरी थे तो उसकी पहली दिल्ली की सत्ता में लोकल नेताओं (पंजाबी तिकड़ी– मल्होत्रा, साहनी, खुराना) का योगदान था। अटल बिहारी वाजपेयी से हिंदी प्रदेशों में गूंज थी तो साथ में भैरो सिंह शेखावत, शांता कुमार, मंगल सेन, माधवकांत त्रिपाठी, कैलाशपति मिश्र, कैलाश जोशी, केशुभाई, जगन्नाथ राव जोशी, येदियुरप्पा, मनोहर पार्रिकर, कल्याण सिंह, प्रमोद महाजन की जातीय–लोकल क्षत्रप राजनीति से भी जनसंघ–भाजपा की सत्ता सीढ़ियां बनी थी। संगठन के चेहरों में दीनदयाल उपाध्याय, नानाजी देशमुख, सुंदर सिंह भंडारी, कुशाभाऊ ठाकरे, लालकृष्ण आडवाणी आदि से संगठन को गति थी लेकिन जनभावना का ग्राफ तो चेहरों से ही बना था। वह सब क्या भाजपा में अब है? भाजपा में जनता से सरोकार के चेहरे कितने हैं? जरा गौर करें इन चेहरों पर– भूपेंद्र भाई पटेल (गुजरात, उम्र 62 वर्ष), मोहन यादव (मध्य प्रदेश, उम्र 59), देवेंद्र फडनवीस (महाराष्ट्र, उम्र 54), मोहनचरण मांझी (ओडिसा, उम्र 53), भजनलाल शर्मा (राजस्थान, उम्र 58), पुष्कर सिंह धामी (उत्तराखंड, उम्र 49), नायब सिंह सैनी (हरियाणा, उम्र 55), प्रमोद सावंत (गोवा, उम्र 51), विष्णुदेव साय (छतीसगढ़, उम्र 60), रेखा गुप्ता (दिल्ली, उम्र 50) भाजपा के अब सत्तावान चेहरे हैं।

बाकी में पेमा खांडू (अरूणाचल, उम्र 45), हिमंत बिस्वा सरमा (असम, उम्र 56) और त्रिपुरा के मानिक शाह कांग्रेस से आयातित हैं। आखिर में उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ (उम्र 52 वर्ष) हैं, जिसके एक हिंदू आईकॉन के चेहरे के आगे सभी जीरो हैं!

तो पहली बात नरेंद्र मोदी और प्रदेश मुख्यमंत्रियों की आयु व कद में इतना गैप है कि कोई दिल्ली में प्रधानमंत्री पद की कुर्सी की महत्वाकांक्षा पाल ही नहीं सकता। सभी नरेंद्र मोदी के द्वारा बनाए गए हैं। इन्हे प्रदेशो के स्थापित, पुराने चेहरों को हाशिए में डाल कर बनाया गया है तो जाहिर है सभी राज्यों में भाजपा का पूरा ढांचा दिल्ली की खड़ाऊ है। मोदी के इंजन के पीछे, निराकार ड्राइवरों के घसीटते इंजन हैं। सभी नरेंद्र मोदी पर आश्रित। उन्हीं द्वारा, उन्हीं के लिए, उन्हीं को समर्पित चेहरे हैं। किसी का अपना कोई स्वतंत्र वजूद नहीं। ऐसे ही लगभग केंद्रीय कैबिनेट में स्थिति है।

ऐसा भारत की राजनीति में पहले कभी नहीं हुआ। नेहरू, इंदिरा, वाजपेयी किसी के भी राज में नहीं। इसलिए यदि नरेंद्र मोदी अपना राज 2034 तक चलाए रखें तो कोई बाधा नहीं है। यह गलतफहमी नहीं रखें कि यह नई राजनीति आरएसएस अनुसार है। जैसा मैंने ऊपर लिखा है, सन् 2019 से मुख्यमंत्रियों, सत्ता के केंद्रों का फैसला सिर्फ और सिर्फ नरेंद्र मोदी की रणनीति से है। इसलिए जो नया (नई पीढ़ी, नया ढांचा) होता लग रहा है वह संघ–भाजपा के दीर्घकालीन उद्देश्यों, या किसी उत्तराधिकारी योजना में नहीं है, बल्कि एक ही ऊंगली पर गोवर्धन पर्वत की स्थायी व्यवस्था की खातिर है।

कल्पना कर सकते हैं कि जिस दिन गोवर्धन पर्वत के नीचे से ऊंगली हटी तो भाजपा का होगा क्या! हालांकि यह भी नोट रखना चाहिए कि राजनीति में मनुष्य सोचता क्या है और होता क्या है! समय और घटना किसी के बस में नहीं होती।

## आयकर व्यवस्था में सुधार और पारदर्शिता के साथ–साथ राजस्व बढ़ाने के लिए एक बड़ी कोशिश

**वसी जैदी**

यदि सारे पक्षों पर गौर किया जाए तो यह साफ प्रतीत होता है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा हाल ही में लोकसभा में प्रस्तुत नया आयकर विधेयक देश की आयकर व्यवस्था में सुधार और पारदर्शिता के साथ–साथ राजस्व बढ़ाने के लिए एक बड़ी कोशिश का अहम हिस्सा है। ये नया आयकर कानून मौजूदा आयकर कानून 1961 की जगह लेने जा रहा है। देश में वर्ष 1860 में सर जेम्स विल्सन द्वारा आयकर की शुरुआत की गई थी, लेकिन एक सुव्यवस्थित कर प्रणाली के रूप में वर्ष 1922 में व्यापक आयकर कानून लागू हुआ, जिसने सही मायनों में न केवल विभिन्न आयकर प्राधिकरणों को औपचारिक रूप प्रदान किया, बल्कि एक सुव्यवस्थित प्रशासनिक रूपरेखा की नींव भी रखी। वर्ष 1961 में मौजूदा आयकर कानून लागू किए जाने के बाद से अब तक आयकर कानून की विभिन्न कमियों को दूर करने के लगातार छोटे–छोटे प्रयास किए जाते रहे। खासतौर से 1981 में कम्प्यूटरीकरण की शुरुआत के साथ हुई तकनीकी प्रगति ने इलेक्ट्रॉनिक रूप से आयकर चालान की प्रोसेसिंग करने पर ध्यान केंद्रित किया। इस परिप्रेक्ष्य में वर्ष 2009 में ई–फाईल और पेपर रिटर्न की व्यापक प्रोसेसिंग को संभालने के लिए सेंट्रलाइज्ड प्रोसेसिंग सेंटर की स्थापना की गई। पिछले एक दशक में जो अहम सुधार किए गए हैं, उससे जहां आयकरदाताओं को सुविधा मिली, वहीं आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने में भी मदद मिली है। इन सुधारों में प्रमुख रूप से करदाता चार्टर और पहचान रहित समीक्षा (असेसमेंट) तथा करदाताओं के लिए पहचान रहित अपील व्यवस्था महत्वपूर्ण है। इन विभिन्न प्रयासों से पिछले 10 वर्षों में आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या और आयकर संग्रह में तेज वृद्धि देखी गई है। अभी भी बड़ी संख्या में उद्योग–कारोबार सेक्टर में कार्यरत रहते हुए कमाई करने वाले, महंगी आरामदायक व विलासिता की वस्तुओं का उपयोग करने वाले तथा पर्यटन के लिए विदेश यात्राएं करने वालों में से भी बड़ी संख्या में लोग या तो आयकर न देने का प्रयास करते हैं या फिर बहुत कम आयकर देते हैं। दुनिया की कई छोटी–छोटी अर्थव्यवस्थाओं में संग्रहित किए जाने वाले आयकर का उनकी जीडीपी में बड़ा योगदान है। वस्तुतः कर संग्रह में तेज वृद्धि से बुनियादी ढांचे, सामाजिक सेवाओं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार की क्षमता बढ़ती है। बढ़ता कर राजस्व न केवल अर्थव्यवस्था के नवनिर्माण में मदद करता है, बल्कि यह सरकार को अपने करदाताओं के प्रति जवाबदेह भी बनाता है। नए आयकर विधेयक में 'चार्टर ऑफ टैक्सपेयर्स' है, जिससे कर व्यवस्था में विश्वास और पारदर्शिता बढ़ेगी। वेतनभोगी करदाताओं के लिए विभिन्न प्रावधानों को सहज बनाते हुए हर तरह की कटौती को एक ही धारा के तहत रख दिया गया है। नए विधेयक में मुकदमेबाजी कम करने और टैक्स मामलों को जल्दी सुलझाने पर ध्यान दिया गया है। पुराने कानून में इस्तेमाल किए गए जटिल शब्दों को सरल बना दिया गया है। अब 'असेसमेंट ईयर' की जगह 'टैक्स ईयर' होगा। टैक्स ईयर 1 अप्रैल से 31 मार्च तक रहेगा। अब क्रिप्टोकरेंसी और अन्य डिजिटल एसेट्स को कैपिटल एसेट माना जाएगा और उन पर टैक्स लगाया जाएगा। इससे डिजिटल संपत्तियों पर टैक्स सिस्टम के बारे में अधिक स्पष्टता आएगी। नए टैक्स रिजीम के साथ ओल्ड टैक्स रिजीम भी जारी रहेगा।

# क्या भाजपा एक नए क्षेत्रीय हिंदुत्व आइकॉन की तलाश में है ?

**रंजन श्रीवास्तव**

क्या भाजपा वर्ष 2029 में होने वाले लोक सभा चुनावों से पहले किसी बड़े क्षेत्रीय हिंदुत्व आइकॉन की तलाश में है जो खासकर उत्तर प्रदेश में भाजपा के खोये हुए जनाधार को फिर से वापस ले आए और मध्य प्रदेश में पार्टी के जनाधार को मजबूती से बनाये रख सके। देखना यह है कि 2029 के चुनावों में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के पीएम फेस बने रहते हैं या नहीं पर दोनों ही परिस्थितियों में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के मन में 2024 के परिणाम पीछा करते रहेंगे जबकि भाजपा उत्तर प्रदेश में 63 सीट से नीचे आकर 33 सीट पर सिमट गयी और 400 पार के नारे के बावजूद 240 सीट पर सिमट गयी। पार्टी का उत्तर प्रदेश में अंकगणित खराब हुआ इस बात के बावजूद कि भाजपा यहाँ डबल इंजन के सरकार की बात लगातार करती रही और योगी आदित्यनाथ हिंदुत्व ब्रांड के एक प्रमुख चेहरा बने रहे। यह सोचना कि भाजपा 2029 के चुनावों में हिंदुत्व के नैरेटिव पर चुनाव नहीं लड़ेगी महज एक अकादमिक चर्चा के लिए तो ठीक है पर वास्तविकता में ऐसा होगा नहीं। इसके बावजूद भी पार्टी नहीं चाहेगी कि उत्तर प्रदेश में वही परिणाम दुहराए जाएँ जो परिणाम 2024 में आए थे। 2029 के पहले उत्तर प्रदेश में 2027 में और मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में 2028 में विधान सभा चुनाव होंगे। मगर विधान सभा के परिणाम का इंतज़ार करने के बजाय भाजपा अभी से अपना चुनावी गणित विशेषकर उत्तर प्रदेश में ठीक करने में लगी है। प्रयागराज में महाकुम्भ 144 साल बाद आयोजित हो रहा है यह बात केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार दोनों के द्वारा प्रचारित किया गया। परिणामस्वरूप पूरे देश से हिन्दुओं की आस्था का सैलाब प्रयागराज की तरफ उमड़ पड़ा। महाकुम्भ में भगदड़ और मौतें और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए भगदड़ और मौतों ने केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार दोनों की व्यवस्थाओं पर एक बड़ा प्रश्न चिन्ह लगा दिया पर फिर भी जनता इसको लेकर सरकारों के खिलाफ आंदोलित हो गयी हो ऐसा दिखा नहीं। पर आस्था का सैलाब 2029 में वोटों के अंकगणित में बदल जाए और 400 पार का नारा चरितार्थ हो जाए इस बात पर विश्वास करके पार्टी



अपनी चुनावी रणनीति नहीं बना सकती। पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व किसी किन्तु परन्तु की बजाय ऐसे ठोस रणनीति पर काम करना चाहेगा या काम कर रहा है जिससे उसे 2029 में पूर्ण बहुमत मिले और चौथी बार लगातार सरकार बनाने के लिए जदयू या टीडीपी जैसे किसी बैसाखी की जरूरत ना पड़े। इसलिए भाजपा अपने हिंदुत्व की धार को और तेज करना चाहेगी और उसके लिए एक ऐसे चेहरे की जरूरत पड़ सकती है जो पहले से आजमाया हुआ ना हो और हिन्दुओं के बड़े वर्ग में उसकी स्वीकारोक्ति हो। तो क्या अब बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र शास्त्री भाजपा के नए हिंदुत्व आइकॉन या अस्त्र हो सकते हैं? जिस तरह से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने बागेश्वर धाम में जाने का प्रोग्राम बनाया और धीरेन्द्र शास्त्री को अपना छोटा भाई बताते हुए उनपर अपना स्नेह उड़ेला उससे तो यही लगता है कि भाजपा नेतृत्व उनकी बढ़ती हुयी लोकप्रियता को देखते हुए उनसे चमत्कृत है। प्रधान मंत्री ने बागेश्वर धाम में बालाजी सरकार कैंसर इंस्टीट्यूट का शिलान्यास ही नहीं किया बल्कि वहां एक जनसभा को भी सम्बोधित किया। अप्रत्यक्ष रूप से प्रधान मंत्री ने धीरेन्द्र शास्त्री के पर्ची निकालने विधा की प्रशंसा तक की। उन्होंने धीरेन्द्र शास्त्री की माताजी से यह कहा कि उनके मन में चल रही बात की पर्ची उनके पास है और वह यह कि वे अपने बेटे की शादी देखना चाहती हैं। इन पक्तियों को लिखे जाने तक भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी बागेश्वर धाम पहुँच चुकी हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल भी वहां जा चुके हैं और धीरेन्द्र शास्त्री की प्रशंसा कर चुके हैं। धीरेन्द्र शास्त्री अपने मंचों से हिन्दू राष्ट्र की वकालत करते रहे हैं। भाजपा इसपर अपनी मुहर तो नहीं लगाती पर उसकी चुनावी राजनीति में ऐसे नारे या भाषण उसको सम्बल ही प्रदान करते हैं। तर्कवादियों की नज़र में धीरेन्द्र शास्त्री की विधा सिर्फ एक ढोंग है। 2023 में उनके महाराष्ट्र दौरे के दौरान तर्कवादियों ने उन्हें उनकी सिद्धि को साबित करने की चुनौती दी थी। पर धीरेन्द्र शास्त्री वहां से वापस चले आए और दावा किया कि वो मैदान छोड़कर नहीं भागे बल्कि उनकी वहां से वापस आने का प्लान पूर्व निर्धारित था।

पिछले वर्ष गुरुशरण महाराज (पंडोखर सरकार) के विरुद्ध उनके द्वारा कथित रूप से धीरेन्द्र शास्त्री के विरुद्ध आपत्तिजनक बयान देने पर कोर्ट में एक आवेदन दाखिल किया गया था। जाहिर है धीरेन्द्र शास्त्री के बारे में जनता में दो मत है पर फिर भी बहुत से लोग उन्हें सिद्ध पुरुष मानकर उनके दरबार में जाते हैं और अपनी समस्याओं के निराकरण की अपेक्षा रखते हैं। धीरेन्द्र शास्त्री बुंदेलखंड से आते हैं जो उत्तर प्रदेश तक फैला हुआ है। देखना यह है कि आने वाले समय में शास्त्री भाजपा के किसी प्लान का हिस्सा बनते हैं या अपनी भूमिका को गैर राजनीतिक बनाये रखते हैं।

# कृति सनोन ने बताया उनका पसंदीदा सीजन आ गया



हममें से ज़्यादातर लोगों की तरह, कृति सनोन का भी पसंदीदा मौसम आम का मौसम है। जैसे–जैसे गर्मियाँ आ रही हैं, लुका छुपी की अभिनेत्री ने कुछ स्वादिष्ट आमों का लुत्फ़ उठाते हुए एक वीडियो शेयर किया है। इतना ही नहीं, कृति सनोन ने भी आम के रंग की पोशाक पहन रखी थी, जिससे वह अपनी स्वाद कलिकाओं को संतुष्ट कर रही थीं। कृति सनोन ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, मेरा पसंदीदा सीजऩ आ गया है..जब आप इसके बारे में सोचते हैं तो आपके दिमाग में क्या आता है? मुझे एक ऐसा जवाब दीजिए जो आम से अलग हो! पिछले हफ़्ते, कृति सनोन ने आनंद एल राय की अगली फ़िल्म तेरे इश्क में के सेट पर अपनी मिठाई की तलब को शांत किया। शूटिंग के दौरान उन्हें कुछ स्वादिष्ट जलेबी खिलाई गईं। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज़ पर एक छोटा वीडियो डाला, जिसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा, आपको पता चलता है कि आप ञ्चआनंदलराय सर के सेट पर हैं जब....कृति सनोन पहली बार धनुष के साथ तेरे इश्क में में नजऱ आएंगी। बहुप्रतीक्षित ड्रामा की कहानी हिमांशु शर्मा ने नीरज यादव के साथ मिलकर लिखी है। आनंद एल राय, हिमांशु शर्मा, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार ने मिलकर इस प्रोजेक्ट को प्रोड्यूस किया है। टी–सीरीज और कलर येलो के सहयोग से गुलशन कुमार द्वारा प्रस्तुत तेरे इश्क में 2013 की फिल्म रांझणा का आध्यात्मिक उत्तराधिकारी है, जो एकतरफा प्यार और भावनात्मक संघर्ष के विषयों पर गहराई से प्रकाश डालता है। तेरे इश्क में के टीजऱ में घोषणा की गई, पिछली बार तो कुन्दन था, मान गया पर इस बार शंकर को कैसे रोकोगे?

## गोल्डन बैट की रेस में शामिल हैं रचिन रविंद्र, विराट कोहली

नईदिल्ली, चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल मैच भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा. दोनों टीमें 9 मार्च को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में आमने–सामने होंगी. इस टूर्नामेंट में अब तक टीम इंडिया का शानदार प्रदर्शन रहा है. भारत ने अब तक सभी 4 मैचों में जीत हासिल किया है. वहीं न्यूजीलैंड ने एक मैच में हार का सामना किया है. वो मैच भी भारत के खिलाफ था. इस टूर्नामेंट में दोनों टीमों के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन किया है. इससे पहले चलिए जानते हैं कि कौन–कौन से खिलाड़ी गोल्डन बैट की रेस में सबसे आगे हैं.

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अब तक इंग्लैंड के बेन डकेट ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं और गोल्डन बैट की रेस में सबसे आगे हैं. डकेट ने चैंपियंस ट्रॉफी के 3 मैचों में 227 रन बनाए हैं, लेकिन इंग्लैंड की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई. ऐसे में अब भारत और न्यूजीलैंड के खिलाडियों के पास गोल्डन बैट को अपने नाम करने का मौका है.

# चैंपियंस ट्रॉफी में श्रेयस अय्यर के प्रदर्शन से बीसीसीआई खुश

नईदिल्ली, भारतीय क्रिकेट टीम चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर रही है. ग्रुप स्टेज के 3 मैच और सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर टीम इंडिया फाइनल में पहुंच चुकी है. 9 मार्च को फाइनल में भारतीय टीम का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा. भारत की चैंपियंस ट्रॉफी के सफर में श्रेयस अय्यर की बेहद अहम भूमिका रही है. श्रेयस ने बेहद मुश्किल समय से टीम को निकालते हुए मैच विजयी पारियां खेली हैं.



चैंपियंस ट्रॉफी के अबतक के4 मैच में लगभग ऐसा हुआ है कि टीम इंडिया अबतक अपने शुरूआती विकेट खोकर मुश्किल में दिखती रही है. लेकिन चौथे नंबर पर बैटिंग करने आने वाले श्रेयस क्रीज पर अपनी पैर जमाते हैं और टीम को हर बार मुश्किल से निकाल ले जाते हैं. बांग्लादेश के खिलाफ हुए मैच को छोड़ दें तो पाकिस्तान के मैच में श्रेयस ने 56 रन बनाए थे और विराट के साथ तीसरे विकेट के लिए 114 रन जोड़े. न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत ने 30 रन पर 3 विकेट खो दिए थे. श्रेयस ने 79 रन की पारी खेली थी और अक्षर के साथ चौथे विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी की थी.

# द पैराडाइज से नानी की पहली झलक आई सामने

दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने–माने अभिनेता नानी काफी समय से अपनी आगामी फिल्म द पैराडाइज को लेकर चर्चा में हैं, जिसके निर्देशन की कमान श्रीकांत ओडेला ने संभाली है।दशहरा के बाद यह श्रीकांत और नानी के बीच दूसरा सहयोग है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सुधाकर चेरुकुरी इस फिल्म के निर्माता हैं। अब आखिरकार द पैराडाइज से नानी की पहली झलक सामने आ गई है, जिसमे उनका धांसू अवतार दिख रहा है। द पैराडाइज एक पैन–इंडिया फिल्म है, जिसे हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और बंगाली भाषा में रिलीज किया जाएगा। खास बात यह है कि यह फिल्म अंग्रेजी और स्पेनिश भाषा में भी दर्शकों के बीच आएगी। द पैराडाइज की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है। यह फिल्म 26 मार्च, 2026 को रिलीज होगी।फिल्म द पैराडाइज का हाल ही में जो वीडियो रिलीज किया गया है उसकी थीम डार्क है। फिल्म का वीडियो एक वॉइस ओवर से शुरू होता है। इसमें एक महिला बोलती है इतिहास में सब लोगों ने तोते और कबूतरों के बारे में लिखा लेकिन उसी जाति में पैदा हुए कौओं के बारे में नहीं लिखा। ये क्रोधित हुए उन कौओं की कहानी है। ये जमाने से बिछाई गई उन लाशों की कहानी है। मां की छाती से दूध नहीं निकला तो खून पिला कर परवरिश हुई उस जाति की कहानी है। एक जिसने आकर पूरी जाति में जोश लाया। थूके जाने वाले कौओं ने तलवार अपना ली। ये नुचे हुए कौओं को जोडऩे वाली एक औलाद की कहानी है। मेरा बेटा नायक बना वह कहानी है।द पैराडाइज फिल्म समाज से बहिष्कृत एक निडर नेता के नेतृत्व में उत्पीड़ित वर्ग के विद्रोह की कहानी है। जारी वीडियो में कई जगहों पर आग जलने के दृश्य दिखाए गए हैं। इसके साथ कौओं के नाचने के दृश्य दिखाए गए हैं। वीडियो में कई जगहों पर लोग नाच रहे हैं, जश्न मना रहे हैं। वीडियो के आखिर में गोली चलने की आवाज आती है।नानी के अलावा इस फिल्म में सोनाली कुलकर्णी भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। श्रीकांत ओडेला एक युवा निर्देशक हैं, जिन्होंने अपनी पहली फिल्म दसारा से ही अपनी छाप छोड़ी थी, जिसमें नानी मुख्य भूमिका में थे।

## निकिता दत्ता की लेटेस्ट फोटोज ने इंटरनेट पर मचाया बवाल

बॉलीवुड एक्ट्रेस निकिता दत्ता हमेशा लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंटरनेट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। बी–टाउन की ग्लैमरस हसीना निकिता दत्ता आए दिन अपनी हॉट और बोल्ड लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने पर्पल कलर की हॉल्टर नेक लुक में आउटफिट पहना हुआ है,

# हरमनप्रीत और एक्लेस्टोन के बीच तीखी नोकझोंक पर मिताली राज ने दी प्रतिक्रिया

लखनऊ। मुंबई इंडियंस और यूपी वॉरियर्स के बीच खेले गए डब्ल्यूपीएल 2025 मैच के दौरान एक विवाद हुआ, जिसे लेकर पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज ने अपनी राय दी। उन्होंने कहा कि जब मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर मैदान पर अंपायर से बातचीत कर रही थीं, तब सोफी एक्लेस्टोन क्या करने की कोशिश कर रही थीं, यह समझ से बाहर था। यह घटना आखिरी ओवर से पहले हुई, जब धीमी ओवर गति के कारण अंपायर ने मुंबई इंडियंस पर पेनल्टी लगाई और नियमों के अनुसार 30–यार्ड सर्कल के बाहर सिर्फ तीन फील्डरों को रखने की अनुमति दी। इस फैसले से हरमनप्रीत नाराज दिखीं और अंपायर से इस पर चर्चा करने लगीं। इसी



बीच, आखिरी ओवर डालने जा रहीं अमेलिया केर भी इस फैसले से नाखुश नजर आईं। मिताली ने जियोस्टार पर बात करते हुए कहा, मुंबई इंडियंस चार मिनट की देरी से ओवर डाल रही थी, इसलिए उन्हें एक अतिरिक्त फील्डर को सर्कल के अंदर लाना पड़ा। शायद हरमनप्रीत अंपायर से इसी बारे में चर्चा कर रही थीं और सोच रही थीं कि अगर यह पहले पता होता तो वह 19वें ओवर में शबनिम इस्माइल को गेंदबाजी करातीं। लेकिन मुझे समझ नहीं आया कि एक्लेस्टोन इस बातचीत में क्यों शामिल हो रही थीं। जब एक कप्तान पहले से ही धीमी ओवर गति की सजा झेल रहा हो और अपनी फील्डिंग सेट कर रहा हो, तो किसी और खिलाड़ी का इस चर्चा में कूदना थोड़ा निराशाजनक हो सकता है। यह बस भावनाओं में बह जाने का एक पल था।

इस घटना के बाद हरमनप्रीत पर डब्ल्यूपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए उनके मैच फीस का 10 जुर्माना लगाया गया। हालांकि, मिताली ने हेली मैथ्यूज की 46 गेंदों पर 68 रनों की शानदार पारी की तारीफ की, जिसमें उन्होंने आठ चौके और दो छक्के लगाए।

## एक नजर

### फर्जी परीक्षार्थी और परीक्षा दिलाने वाले को हुई सजा

चमोली : फर्जी परीक्षार्थी बनकर परीक्षा देने के आरोपी और जिसके नाम से परीक्षा दी जा रही थी दोनों के खिलाफ दोष साबित होने पर दोनों दोषियों को 2 साल की कठोर कारावास की सजा और 3000 रुपये के जुर्माने की सजा शुक्रवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट थराली ने सुनाई। सहायक अभियोजन अधिकारी खुशबू सिंह ने बताया मामले में मनोज सिंह के स्थान पर चंदन गिरी द्वारा परीक्षा देने के आरोप में न्यायिक मजिस्ट्रेट थराली देवांश राठौर ने दोषी पाते हुए सजा सुनाई। सरकार की ओर से पैरवी कर रहे सहायक अभियोजन अधिकारी खुशबू सिंह ने बताया 21 सितम्बर 2020 को सुबह 11 को राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी के परीक्षा प्रभारी शंकर राम ने प्रधानाचार्य को सूचना दी की मूल परीक्षार्थी मनोज सिंह के स्थान पर चंदन गिरी बीए थर्ड की परीक्षा देते हुए पकड़ा गया। इस शिकायत थाना थराली में दर्ज कराई गयी और थाना थराली द्वारा मुकदमा मनोज सिंह पुत्र पुष्कर सिंह निवासी ग्राम हरतोली पोस्ट ऑफिस तलवाड़ी एवं चंदन गिरी पुत्र गोपाल सिंह निवासी ग्राम मजकोट जनपद बागेश्वर पर पंजीकृत किया गया। मामले की विवेचना की गई। आरोपियों के विरुद्ध न्यायिक मजिस्ट्रेट थराली के न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। अभियोजन द्वारा न्यायालय में 12 गवाह अपने समर्थन में प्रस्तुत किये गए। न्यायिक मजिस्ट्रेट देवांश राठौर ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोपियों को दोष सिद्ध पाए हुए 2 वर्ष का कठोर कारावास व 3000 के जमाने से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर एक माह के अतिरिक्त दंड से दंडित करने की आदेश दिए। (एजेंसी)

### यात्रा से पहले सड़कों को करें दुरूस्त : डीएम

नई टिहरी : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सड़क और निर्माण कार्यों से जुड़े विभागों को निर्देश दिए हैं कि चारधाम यात्रा से पूर्व सड़कों को दुरुस्त कर लें। खासकर बीआरओ और एनएच खंड को जिले के तीन प्रमुख हाईवे ऋषिकेश-गंगोत्री, ऋषिकेश-बदरीनाथ और नैनबाग-यमुनोत्री हाईवे पर डेंजर जोन, ब्लैक स्पॉट और भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का जल्द से जल्द ट्रीटमेंट कार्य पूरा किया जाए। शुक्रवार को डीएम दीक्षित ने बताया कि चारधाम यात्रा शुरू होने में करीब डेढ़ माह का वक्त बचा है। ऐसे में सड़कों को दुरुस्त किया जाना जरूरी है। डीएम ने बताया कि ऋषिकेश-गंगोत्री हाईवे पर नरेंद्रनगर बाइपास, बगड़धार, हिंडोलाखाल, ताछला और खाड़ी में ट्रीटमेंट कार्य चल रहा है। उन्होंने बीआरओ के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इन कार्यों को समय और गुणवत्ता के साथ पूरा करें। कहा कि अभी मौसम अनुकूल है। ऐसे में मानव संसाधन और मशीनरी को बढ़ाकर इन कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करें। कहा कि यात्रा में सड़क सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने एनएच खंड को ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर तोताघाटी, साकनीधार क्षेत्र में पुनर्निर्माण और भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में मरम्मत कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा त्यूणी-मलेथा हाईवे सहित लंबगांव-कोटालगांव-चमियाला-घनसाली-तिलवाड़ा राज्य मार्ग पर भी क्रैश बैरियर, पैराफिट, संकेतांक सहित मरम्मत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। डीएम मयूर का कहना है कि यात्रा मार्गों को जरूरी नागरिक सुविधाएं भी एक्टिव करने के निर्देश संबंधित एसडीएम को दिए हैं। सार्वजनिक शौचालय, प्रतीक्षालय, पेट्रोल पंपों पर पेयजल, टॉयलेट, हवा आदि की सुविधाएं चेक कर रिपोर्ट मांगी गई है। ठंड के सीजन में बर्फबारी व बारिश न होने के कारण इस बार पेयजल की सबसे बड़ी चुनौती रहेगी। जल संस्थान को यात्रा मार्गों पर हैंडपंपों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। जहां पर हैंडपंप खराब हैं, उनको जल्द ठीक किया जाए। (एजेंसी)

### ट्रेंचिंग ग्राउंड का किया निरीक्षण

नई टिहरी : घनसाली और चमियाला नगर पंचायत के कूड़ा निस्तारण के लिए असेना में दो भागों में एक ही ट्रेंचिंग ग्राउंड बनाया गया है। यहां बीती 18 फरवरी से घनसाली और चमियाला दोनों शहरों का कूड़ा निस्तारित किया जा रहा है। करीब सवा दो करोड़ से ट्रेंचिंग ग्राउंड के लिए स्वीकृत थे। अभी कूड़ा घर के कई कार्य पूरे किए जा रहे हैं। लेकिन नगर पंचायत चमियाला की साइट से कूड़ाघर की दीवार उद्घाटन से पूर्व ही ढहने लगी है। नगर पंचायत घनसाली के अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट और नगर पंचायत चमियाला के अध्यक्ष गोविंद सिंह राणा ने आरडब्ल्यूडी और निकाय के अधिकारियों के साथ असेना में निर्माणाधीन ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया।

# मरीजों के पर्चे पर लिखें जन औषधि केंद्र की दवा : बलूनी

### गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने किया राजकीय बेस चिकित्सालय का निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने राजकीय बेस चिकित्सालय व जन औषधि केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों को मरीजों के पर्चे पर जन औषधि केंद्र की दवा ही लिखने के निर्देश दिए। कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सरकार पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है।


कोटद्वार में जन औषधि केंद्र का निरीक्षण करते गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी

शुक्रवार को गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने राजकीय बेस चिकित्सालय में पीएम जन औषधि केंद्र व राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। गरीबों और वंचितों के लिए विशेष जन औषधि मेडिकल स्टोर के माध्यम से कम कीमत पर दवाइयां उपलब्ध करवाई जा रही है। बताया कि सरकार देश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। जन औषधि योजना को और ज्यादा प्रभावी बनाने के लिए निरंतर काम किया जा रहा है। वर्तमान में पूरे देशभर में 15 हजार से अधिक जन औषधि केंद्रों में 60 से 90 प्रतिशत कम कीमत पर गरीबों के लिए दवाइयां उपलब्ध होती हैं। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि वह मरीजों के पर्चे के बाहर की दवा लिखने के बजाय जन औषधि केंद्र की दवाएं ही लिखें। सांसद ने अस्पताल में आईसीयू का निरीक्षण करते हुए चिकित्सकों से व्यवस्था की जानकारी ली। कहा कि अस्पताल में जिन सुविधाएं की अति आवश्यकता है उन्हें जल्द पूरा किया जाएगा। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण, महापौर शैलेंद्र सिंह रावत, जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान, सीएमएस डा. राजीव पाल, तहसीलदार साक्षी उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

### नन्हें बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा दर्शकों का मन

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : निंबूचौड़ क्रेडिल पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान नन्हें बच्चों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी अमित चंद व प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अजयपाल सिंह रावत व विद्यालय की संचालिका रेणुका गुसांई ने किया। कक्षा दो के छात्र-छात्राओं ने जंक फूड व फास्ट फूड के दुष्परिणामों को लेकर नृत्य नाटक प्रस्तुत किया। लोगों को प्राकृतिक आहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कक्षा छठवीं के छात्र-छात्राओं ने पंजाबी लोकनृत्य गिद्दा व राजस्थान के लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कहा कि सोशल मीडिया ने वर्तमान में छोटे बच्चों से लेकर परिवार के हर व्यक्ति को अपने चंगुल में फंसा रखा है, जिससे व्यक्ति समाज व परिवार से अलग हो रहा है। इसके अलावा इससे मानसिक समस्या व नेत्र विकार जैसी समस्या भी हो रही है। कहा कि माता-पिता सोशल मीडिया पर इतने व्यस्त है कि उन्हें अपने पाल्यों के लिए भी समय नही हैं। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

# जीएमओयू के गबन मामले में नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : कुछ दिन पूर्व सामने आए गढ़वाल मोटर आनर्स यूनियन (जीएमओयू) के गबन के मामले में पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले में महाप्रबंधक की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई थी। बीती चार मार्च को जीएमओयू बचाओ संघर्ष समिति की ओर से वित्तीय वर्ष 2023-24 में कंपनी में दो करोड़ के गबन की बात प्रकाश में लाई गई थी। बताया गया कि बीते वर्ष 30 सितंबर को हुई एजीएम में कंपनी की बैलेंस सीट को इस शर्त पर पास किया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 की बैलेंस सीट की जांच के लिए जांच समिति बनेगी। बताया कि जांच समिति में उनके साथ ही ताजबर सिंह खत्री, हनुमंत सिंह पटवाल व सत्यानंद भट्ट शामिल थे। बताया कि जांच समिति ने 2023-24 के वित्तीय वर्ष में हुए आय-व्यय की गंभीरता से जांच की और पाया कि विभिन्न मदों में 2.32 करोड़ का घपला पाया। कंपनी के महाप्रबंधक/सचिव विजयपाल सिंह ने भी वित्तीय वर्ष 2023-24 में घोटाले की पुष्टि की। उनका कहना था कि कंपनी में फर्जी प्रार्थना पत्र व फर्जी वाउचर्स के आधार पर कंपनी की धनराशि का गबन किया गया है। बताया कि कुछ लोगों ने कंपनी में एक गिरोह बनाकर सुनियोजित तरीके से इस कृत्य को किया। उन्होंने इस संबंध में एसएसपी को पत्र भेजने की बात भी कही गई। इधर, महाप्रबंधक की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने कंपनी के दो पूर्व पदाधिकारियों के साथ ही नौ लोगों के खिलाफ भारतीय दंड सहिता के तहत धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया है। कोतवाली प्रभारी रमेश तनवार ने बताया कि मुकदमा दर्ज होने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# बीएलओ की भूमिका की होगी जांच


कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करते मेरा वोट-मेरा अधिकार अभियान के अध्यक्ष प्रेम बहुखंडी

**जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार** : मेरा वोट-मेरा अधिकार अभियान के अध्यक्ष प्रेम बहुखंडी ने कहा कि कुछ दिन पूर्व हुए निकाय चुनाव वोटर लिस्ट बनाने में कई कमियां सामने आई। ऐसे में कांग्रेस वोटर लिस्ट तैयार करने वाले बीएलओ की भूमिका की जांच करवाएगी। शुक्रवार को प्रेम बहुखंडी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदान आमजन का अधिकार है। लेकिन, इस निकाय चुनाव में कई मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से गायब थे। कहा कि वोटर लिस्ट बनवाने की पूरी जिम्मेदारी बीएलओ को दी गई थी। पूरी प्रक्रिया के बाद भी कई जगह अचानक मतदाताओं की संख्या में वृद्धि देखी गई है, जबकि कई वार्डों में वोटर लिस्ट से मतदाताओं के नाम काटे गए थे। कहा कि ऐसे में बीएलओ की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान लग रहे हैं। कहा कि पार्टी कार्यकर्त्ता कोटद्वार में दस वार्डों में जाकर मतदाताओं के नाम काटे जाने के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करेंगे। साथ ही मतदाता सूची से हटाए गए नामों को दोबारा से जोड़ने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, पूर्व प्रदेश महामंत्री रंजना रावत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलवीर सिंह रावत मौजूद रहे।

### डॉ.हेम चंद्र एएचए के अध्यक्ष बने

देहरादून( । एसआरएचयू देहरादून के सलाहकार और निदेशक अस्पताल सेवाएं प्रोफेसर डॉ.हेम चंद्र को एकेडमी ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन(एएचए) का अध्यक्ष चुना गया है। डॉ.हेम चंद्र एचएनबी मेडिकल एजुकेशन यूनिवर्सिटी के कुलपति भी रहे हैं। उन्हें यह जिम्मेदारी 2025 से 2027 तक के लिए मिली है। एएचए एक अखिल भारतीय शीर्ष स्वायत्त व्यवसायिक संस्था है, जो अस्पताल प्रशासन की गतिविधियों में सलाहकार की भूमिका में रहती है। यह स्वास्थ्य देखभाल, प्रबंधन प्रशिक्षण और अनुसंधान संगठन के रूप में जाना जाता है।

# अंधविश्वास को छोड़ विज्ञान पर करें भरोसा

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : राजकीय इंटर कॉलेज चाक्यूसैंण में आयोजित कार्यशाला के चौथे दिन बच्चों को अंधविश्वास को छोड़ विज्ञान को समझने की सीख दी गई। इस दौरान जीवन में विज्ञान के महत्व के बारे में भी बताया गया। बाल साहित्य संस्थान अल्मोडा की ओर से आयोजित कार्यशाला के चौथे दिन विज्ञान के पहलुओं के बारे में बताया गया। राजकीय इंटर कालेज किनसुर के विज्ञान प्रवक्ता महेंद्र सिंह राणा ने कहा कि अमुक नदी या पेड़ के नीचे भूत होता है। इस बात को बगैर सोचे समझे आंख मूंदकर स्वीकार कर लेना अंधविश्वास है। पेड़ के नीचे या नदी पर भूत के बारे में कहां, कौन, कैसे, क्या आदि तर्क वितर्क करके मामले की खोज करना वैज्ञानिक सोच या वैज्ञानिक दृष्टिकोण कहा जाएगा। पहले जानो फिर मानोह्न के सिद्धांत के आधार पर किसी भी विषय पर क्या, क्यों, कैसे जैसे तर्क वितर्क करना विज्ञान हमें सिखाता है।


आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी

उन्होंने कहा कि हमारे यहां पीपल के पेड़ को काटना पाप माना गया है। इसके पीछे वैज्ञानिक अवधारणा है कि पीपल का पेड़ हमें सबसे अधिक आक्सीजन देता है। उन्होंने कहा कि हरेला आदि पारंपरिक त्यौहार भी कहीं न कहीं वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित हैं। राजकीय इंटर कालेज चाक्यूसैंण के प्रधानाचार्य जगमोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि हमें कक्षा में चुप नहीं बैठना है। हमें अपने शिक्षक से अपने सवाल पर तर्क वितर्क करना सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में भी बच्चों को सवाल पूछने व उन्हें अभिव्यक्ति का अवसर दिया जाना है। बाल प्रहरी संपादक उदय किरौला, महेंद्र सिंह राणा, सुरेंद्र सिंह रावत, विवेक डबराल, राकेश तिवाड़ी, आबिद अहमद, पंकज सिंह रावत ने बाल कवि सम्मेलन, नुक्कड नाटक व समूह गीत अलग-अलग समूहों में बतौर संदर्भदाता बच्चों का मार्गदर्शन किया।

# काले झंड़े दिखाने जा रहे युवा कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी को काले झंड़े दिखाने जा रहे युवा कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान युवा कांग्रेस ने विधानसभा अध्यक्ष पर युवाओं की आवाज को दबाने का भी आरोप लगाया। कहा कि काबीना मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल ने खुलेआम पहाड़ियों को लेकर विवादित बयान दिया। बावजूद अब तक काबीना मंत्री के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई।

विधानसभा अध्यक्ष वार्ड नंबर दो विशनपुर में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थी। इसी दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकरियों ने उन्हें काले झंड़े दिखाने का प्रयास किया। लेकिन, उससे पहले ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान कार्यकर्त्ता प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। युवा कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं ने पुलिस के सामने ही काले झंडों को हवा में लहराया।


कोटद्वार में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारियों को गिरफ्तार करती पुलिस

पुलिस सभी को कोतवाली में ले आई, जहां से सभी को निजी मुचलकों पर छोड़ दिया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं का शोषण कर रही है। अंकिता भंडारी को भी अब तक न्याय नहीं मिल पाया है। यही नहीं भाजपा सरकार के मंत्री पहाड़ियों को लेकर अभद्र बयान दे रहे है। प्रदर्शन करने वालों में नीरज बहुगुणा, अभिषेक अग्रवाल, हिमांशु बहुखंडी, अरविंद रावत, मनीष चौहान, मनीष चातुरी, अंकित थपलियाल, रूपेश, दीप, तनिष्क डबराल मौजूद रहे।

### बिजली के जर्जर पोल बनें दुर्घटना का सबब

श्रीनगर गढ़वाल : नगर क्षेत्र में लंबे समय से बिजली के पोल नहीं बदले गए हैं। इस कारण कई पोल जर्जर हो चुके हैं। कई स्थानों पर पोल जड़ से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जबकि कुछ स्थानों पर बिजली के तारों के भार से हवा में लटकते नजर आ रहे हैं। नगर क्षेत्र के श्रीकोट और बाजार क्षेत्र के कई हिस्सों में लगे बिजली के पोल जंग खा चुके हैं। पोलों पर कई विद्युत लाइनें जुड़ी होने के कारण यह खतरे का संकेत दे रहे हैं। स्थानीय निवासी संजय कुमार और लाल सिंह का कहना है कि ये पोल कभी भी गिर सकते हैं, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों का कहना है कि कई बार बिजली विभाग को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। बरसात और तेज़ हवाओं के चलते इन जर्जर पोलों के गिरने की संभावना और बढ़ जाती है। विद्युत विभाग श्रीनगर के अधिशासी अभियंता जीएस रावत ने बताया कि श्रीकोट से श्रीनगर तक जर्जर स्थिति में पड़े 30 से अधिक पोलों को बदलने के साथ ठीक किया जाना है।

# डीएम ने किया तहसीलदार कोटद्वार का स्पष्टीकरण तलब

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : प्रधानमंत्री जनजाति महाअभियान (पीएम जनमन) के तहत नगर निगम कोटद्वार में निवासरत बोक्सा जनजाति के लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं व मूलभूत सुविधाओं का लाभ दिए जाने को लेकर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने बैठक ली। उन्होंने बोक्सा जनजाति लोगों के जाति प्रमाण पत्रों की कार्रवाई में तेजी नहीं लाने पर कोटद्वार तहसीलदार का स्पष्टीकरण तलब किया।

डीएम ने कैंप लगाते हुए जाति प्रमाण पत्र बनवाने के निर्देश दिए। डीएम ने मुख्य चिकित्साधिकारी को बोक्सा जनजाति क्षेत्र में कैंप लगाकर लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने, जल संस्थान को 8 पेयजल कनेक्शनों का कार्य जल्द पूरा करने, नगर आयुक्त कोटद्वार को बोक्सा जनजाति के परिवारों को जल्द आवास देने, उद्योग विभाग को पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत बोक्सा जनजाति के लोगों को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जनपद क्षेत्रांतर्गत कोटद्वार में पांच वार्डों शिवराजपुर, हल्दूखाता मल्ला, जशोधरपुर, लच्छमपुर व लुथापुर में कुल 1175 बोक्सा जनजाति समुदाय के लोग निवासरत हैं। बैठक में पीडी डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, सीएमओ डा. पारूल गोयल, डीडीओ मनविंदर कौर आदि शामिल रहे।

# स्थानान्तरण पर असिस्टेंट प्रो. को दी विदाई

**जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण** : राजकीय महाविद्यालय थलीसैंण में गणित विभाग में कार्यरत असिस्टेंट प्रो. डॉ. बीपेंद्र सिंह रावत का स्थानांतरण राजकीय महाविद्यालय उत्तरकाशी में होने पर महाविद्यालय परिवार द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गयी।

इस अवसर पर उनके कार्य की सराहना की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान अनिल ध्यानी ने उनके साथ अपने अनुभव साझा किये। वक्ताओं ने कहा कि विदाई या जुदाई शब्द बड़ा ही मार्मिक होता है। लेकिन परंपरा हर किसी को निभानी पड़ती है।



सरकारी सेवा में आने वालों का स्थानान्तरण अनिवार्य है। इस मौके पर कर्मचारी आनंदमनी पोखरियाल, अंजू नेगी, सुरेंद्र नेगी, नरेश चंद, अनिल कुमार, बलबीर, धर्म सिंह, राकेश, सुशांत, रमेश, सावित्री आदि मौजूद रहे।

### शराब की पेटी के साथ एक गिरफ्तार

नई टिहरी : 5 पेटी अंग्रेजी शराब और बीयर के साथ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस कार्य के लिए प्रयुक्त स्कूटी को पुलिस ने सीज किया है। बुधवार शाम को चंबा थाना के अंतर्गत कुमाल्डा चौकी प्रभारी विनोद कुमार ने कुमाल्डा से आगे लाल पुल के पास चेकिंग अभियान के दौरान जब एक स्कूटी को रोका तो उसका चालक दर्शन सिंह पुत्र धन सिंह निवासी ग्राम सिल्ला पट्टी सकलाना टिहरी घबरा कर भागने लगा। पुलिस ने उसके कब्जे से 2 पेटी अंग्रेजी शराब और 3 पेटी बीयर बरामद की। जिसकी बाजार में कीमत 28 हजार रुपये से अधिक आंकी जा रही है।

# संदीप और कशिश को मिला सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार

### थलीसैंण महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार सम्पन्न



**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में उत्तराखण्ड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र (यूसर्क) एवं भौतिक विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार सम्पन्न हो गया है। इस मौके पर दून विश्वविद्यालय की छात्रा भावना नेगी ने सोलर सेल, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत की शोध छात्रा आशा उप्रेती ने सुपरकंडक्टिविटी, मैगनटिस्म स्पिनट्रोनिक्स एवं शोध छात्र यूसर्क संदीप सिंह ने रेडियोधर्मी पदार्थ रेडॉन पर ओरल प्रेजेंटेशन प्रस्तुत की। जिसमें संदीप सिंह ने सर्वश्रेष्ठ पुरुस्कार प्राप्त किया। जबकि पोस्टर प्रतियोगिता में बीएससी षष्ठम् सेमेस्टर की छात्रा कशिश पोखरियाल ने सर्वश्रेष्ठ पुरुस्कार प्राप्त किया।

इस मौके पर डॉ. सौरभ रावत ने अपने द्वारा विकसित गैस सेंसिंग डिवाइस के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया। उन्होंने अपनी गैस सेंसिंग डिवाइस की कार्य प्रणाली एवं भविष्य में इसके व्यावसायिक उपयोगों में बढ़ते महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत के सहायक प्राध्यापक डॉ. शीतल चौहान ने चुम्बकीय पदार्थों के इतिहास तथा मानव जीवन में इनके महत्व पर प्रकाश डाला। रिसर्च साइंटिस्ट यूनिवर्सिटी अर्कनसास यूएसए डॉ. मितेश सिंह ने ऑनलाइन माध्यम से लिथियम आयन से जुड़े आयामों पर विभिन्न शोधों के बारे में बताया।

उन्होंने इसे भविष्य का ईंधन बताते हुए इसे हरित क्रांति का नाम दिया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. छाया सिंह ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम संयोजन डॉ. सुधीर सिंह रावत ने सेमिनार को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कशिश पोखरियाल एवं अजय रावत ने किया।

### सेमिनार में शोधार्थियों ने पढ़े शोध

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के पौड़ी परिसर में संस्कृत विभाग द्वारा भारतीय पार्शनिक अनुसंधान परिषद के सहयोग से भारतीय संस्कृति में निर्मित मौलिक मूल्य एवं राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में उनकी प्रासंगिकता विषय पर आयोजित सेमिनार में विभिन्न संस्थानों से आए शोधार्थियों द्वारा शोध पढ़े गए। शुक्रवार को बीजीआर परिसर में आयोजित सेमिनार में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर देवप्रयाग के निदेशक प्रो. पीवीबी सुब्रहमण्यम ने भारतीय परंपरा में विभिन्न नैतिक मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए व्याख्यान दिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत अब ज्ञान विज्ञान के क्षेत्र में भारतीय भाषाओं के साथ ही अपनी मातृभाषा का प्रयोग करने, अपनी भाषा में अध्ययन करने का नियम लाया गया है। कहा कि भारतीय भाषाओं के प्रति ध्यानाकर्षण करने का काम किया जा रहा है। सेमिनार में विभिन्न संस्थानों से आए शोधार्थियों ने व्याख्यान प्रस्तुत किए।

### विद्यार्थियों ने सीखे स्वरोजगार के गुर

चमोली : पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग में देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपने लाए हुए उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई। कार्यक्रम में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के कपिल मौर्य ने कहा कि कोई भी देश या कोई भी क्षेत्र वहां के युवाओं एवं उनकी महत्वाकांक्षी शक्ति के द्वारा ही आगे बढ़ सकता है। जापान चीन जैसे देशों ने अपने युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जिस कारण ये देश आज विकसित देश है। प्राचार्य डॉ. वीएनखाली ने बताया कि उद्यमिता में ही वह शक्ति है जो किसी राष्ट्र को विकास की ओर ले जा सकती है।


## छावनी परिषद् लैन्सडौन (पौड़ी गढ़वाल)

**कोटेशन नोटिस (2nd Call)**

छावनी परिषद् लैन्सडौन को प्रतिदिन पीने के शुद्ध पानी की आपूर्ति हेतु वाटर टैंकरों से जो प्रतिदिन लगभग 10000 लीटर से 60000 लीटर तक आवश्यकतानुसार पीने के पानी की आपूर्ति कर सकें की आवश्यकता हेतु इस कार्यालय में पंजीकृत डीलरों/ठेकेदारों/सप्लायरों से ऑनलाइन कोटेशन वेबसाईट www.defproc.gov.in पर आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्न है :-

| | |
|---|---|
| कोटेशन फार्म ऑन लाईन भरने की तारीख | 24 मार्च 2025 समय 1100 बजे तक |
| कोटेशन खोलने की तिथि | 25 मार्च 2025 समय 1130 बजे |

कोटेशन फार्म www.defproc.gov.in वेबसाईट पर ऑन लाईन भरे जाएंगे व कोटेशनों से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें भी इसी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

**पत्रांक सं0 2511/2025-26/छा0परि0**
**दिनॉक : 07 मार्च 2025**
(0785/79)

**मुख्य अधिशासी अधिकारी**
**छावनी परिषद् लैन्सडौन।**

## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

**ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद- 244001 द्वारा निविदाकर्ताओं से निम्नलिखित मद के लिए इलेक्ट्रोनिक निविदा प्रणाली के अन्तर्गत भंण्डार की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | बयाना राशि रु. | अनुमानित मूल्य रु. | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 97255085 | सहायक उपकरण के साथ हाइड्रोलिक री-रेलिंग उपकरण की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग और संलग्न विनिर्देश के अनुसार। | 02 Set | 1,85,640.00 | 92,81,880.00 | 07-APR-25 11:00 AM |

नोटः- पूर्ण विवरण एवं निविदा शर्तें वैब साइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। सभी इच्छुक निविदाकर्ताओं को ई-टेंडर में भाग लेने तथा पंजीकरण कराने के लिए भारत सरकार आई टी अधिनियम 2000 के तहत प्राधिकृत प्रमाणित एजेंसी से क्लास III डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं किया है) प्राप्त मान्य होगा। मेन्यूल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

**पत्र सं.:- 50-S/LP/2025 दिनांक: 07.03.2025** **736/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

## एक नजर

### दून में कैमरे किराये पर लेकर मुंबई का आरोपी फरार

देहरादून। मुंबई निवासी आरोपी दून में एक दुकान से किराये पर तीन कैमरे लेकर फरार हो गया। शुभम गर्ग गोविंद गढ़ में कैमरा किराये पर देने की दुकान चलाते हैं। कहा कि पिछले साल 27 मार्च को अनुराग पांडे निवासी तीसरी मंजिल, मसूरी अपार्टमेंट, बॉम्बे बाजार, जेपी रोड के पीछे, अंधेरी पश्चिम, मुंबई उनकी दुकान पर आया। उसने दुकान से तीन दिन के लिए तीन कैमरे किराये पर लिए। कैमरा किराए पर देने से पहले शुभम गर्ग ने अनुराग पांडे का आधार कार्ड लिया और चेक भी लिया। जब तीन दिन बाद अनुराग पांडे कैमरा वापस करने नहीं आया तो शुभम गर्ग ने उसे कॉल किया। उसका फोन बंद था। काफी खोजबीन के बाद भी आरोपी का पता नहीं लगने पर बसंत विहार थाने में तहरीर दी गई। इंस्पेक्टर बसंत विहार प्रदीप रावत ने बताया कि आरोपी तलाश की जा रही है।

### कांग्रेस ने शुरू किया मेरा वोट, मेरा अधिकार अभियान

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस ने मेरा वोट, मेरा अधिकार अभियान शुरू किया है। इसके तहत शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने ईमेल– और व्हाट्सएप नंबर 7452894623 युक्त पोस्टर जारी किया। पार्टी अगले तीन माह तक प्रदेश के सभी सौ निकायों में यह अभियान चलाएगी। अभियान के तहत ऐसे मतदाताओं का ब्योरा एकत्रित किया जाएगा, जो वोट डालने से वंचित रह गए। प्रदेश कांग्रेस मताधिकार संरक्षण समिति के सदस्यों ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस को संबोधित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस न तो चुनाव आयोग पर, न चुनाव प्रक्रिया पर और न ही मतदाता के विवेक पर कोई सवाल उठा रही है, बल्कि चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने और जनवरी 2025 में सम्पन्न हुए चुनाव में, जिन लोगों के वोट काटे गए हैं, उनके वोट काटने की प्रक्रिया या उसके पीछे के कारण को जानने का प्रयास कर रहे है।

### गढ़वाली फिल्म 'द्वी होला जब साथ का ट्रेलर नौ मार्च होगा लांच

देहरादून। गढ़वाली फिल्म द्वी होला जब साथ (दोनों होंगे जब साथ) फिल्म अप्रैल में रिलीज होने की उम्मीद है। फिल्म का ट्रेलर और पोस्टर नौ मार्च को दून लाइब्रेरी एंड रिसर्च सेंटर में लांच किया जाएगा। शुक्रवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत में फिल्म के निर्देशक रवि दीप ने बताया कि उत्तराखंड सिनेमा अभी प्रारंभिक चरण में गति पकड़ रहा है। कुछ महीनों में अलग–अलग बोलियां, शैलियां और विविध विषयों पर फिल्में रिलीज हुई है। बताया कि गढ़वाली फिल्म 'द्वी होला जब साथ पारस्परिक संबंधों के ताने–बाने पर आधारित है। फिल्म में रिश्तों की गहराई को कई रूपों में दर्शाया गया है। फिल्म की शूटिंग ग्राम रौतू की बेली और उसके आसपास के क्षेत्र में हुई है।

### पहले जुमे पर मस्जिदों में उमड़े नमाजी

देहरादून। रमजान के पहले जुमा की नमाज देहरादून की हर मस्जिद में बड़े अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई। मस्जिदों के बाहर और छतों पर भी नमाजी नमाज पढ़ते नजर आए। कई मस्जिदों में ज्यादा नमाजियों के आने पर इंतजामिया कमेटियों को टेंट की भी व्यवस्था करनी पड़ी। जुमा की अजान से पहले ही रोजेदार अपने काम–काज छोड़कर बेहतरीन लिबास पहन खुशबू लगा मस्जिदों में पहुंच गए। अजान के बाद सुन्नतें अदा की। इस दौरान पेश इमाम व आलिमों ने रमजान की अहमियत, सवाब तथा दीनी बातों पर तकरीर की। कहा कि जो इंसान जान बूझकर रोजा छोड़ता है, जिंदगी भर भी अगर वह रोजा रखे तो उसके नुकसान की भरपाई नहीं होगी। बताया कि नमाज, जकात और हज का सवाब तो सबको मालूम है, लेकिन रोजे का सवाब केवल अल्लाह ही जानते है।

### भाकियू के होली मिलन में खूब हुआ हास्य व्यंग

देहरादून। भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति उत्तराखंड ने होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया। उत्तरांचल प्रेस क्लब में गुरुवार को यूनियन की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जस्टिस राजेश टंडन, अति विशिष्ठ अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष अशोक वर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध्यक्षता यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र दत्त शर्मा, संचालन प्रदेश महामंत्री विकास चौहान ने किया। जस्टिस राजेश टंडन ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान हास्य व्यंग, कविता पाठ भी किया गया। इसके बाद उत्तराखंड की लोकगायिका एवं वरिष्ठ समाजसेविका सोनिया आनंद रावत ने अपने गीतों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# अनुष्का बनीं ऊखीमठ की स्थायी खंड विकास अधिकारी

### क्षेत्रीय विकास और पारदर्शिता होगी प्राथमिकता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : लंबे इंतजार के बाद ऊखीमठ को स्थायी खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) मिल गई हैं। 2021 बैच की पीसीएस अधिकारी अनुष्का ने इस पद का कार्यभार संभाल लिया है। मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती ने उन्हें पदभार ग्रहण करवाया। मूल रूप से मलेथी कर्णप्रयाग (चमोली) की रहने वाली अनुष्का की प्रारंभिक शिक्षा चमोली जनपद में ही हुई। इसके बाद उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग (2020) में स्नातक किया और बिना किसी कोचिंग के स्वयं अध्ययन कर पीसीएस परीक्षा में सफलता प्राप्त की। उन्होंने बताया कि उनके पिता विनोद कुमार मलेथा सिंचाई विभाग में सहायक अभियंता पद पर तैनात है, जबकि उनकी माता मंजू मलेथा सीरी प्राथमिक विद्यालय शिक्षिका है।



नवनियुक्त खंड विकास अधिकारी अनुष्का अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को देती हैं। उन्होंने कहा कि मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे बाबा केदार की भूमि में सेवा करने का अवसर मिला है। यह क्षेत्र ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है और मैं पूरी निष्ठा के साथ यहां की जनता के विकास के लिए कार्य करूंगी। उन्होंने अपने कार्यकाल के लिए उन्होंने कई महत्वपूर्ण लक्ष्य निर्धारित किए हैं, जिनमें क्षेत्रीय विकास को गति देना समाज एवं वंचित वर्ग की सेवा करना, शासन की योजनाओं को पारदर्शिता के साथ लागू करना, चारधाम यात्रा सीजन के दौरान व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती ने कहा कि ऊखीमठ क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एक सक्षम और स्थायी बीडीओ की नियुक्ति बहुत जरूरी थी और अनुष्का के पदभार ग्रहण करने से प्रशासनिक कार्यों को और अधिक गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि खंड विकास अधिकारी की भूमिका ग्रामीण विकास से लेकर योजनाओं के सही क्रियान्वयन तक बहुत महत्वपूर्ण होती है। सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने और अंतिम व्यक्ति तक उनका लाभ पहुंचाने की जिम्मेदारी बीडीओ की होती है। मुझे विश्वास है कि अनुष्का अपनी ऊर्जा, निष्ठा और प्रशासनिक कौशल से इस पद को पूरी गरिमा के साथ निभाएंगी।

### मालदेवता कालेज में विभागीय परिषद का गठन

देहरादून। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मालदेवता रायपुर में शुक्रवार को विभागीय परिषद का गठन किया गया। जिसमें हिन्दी ,अर्थशास्त्र और अंग्रेज़ी विभाग शामिल रहा। इस दौरान पोस्टर ,भाषण ,त्वरित भाषण ,निबंध सहित कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिमसें विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर डॉ . महेंद्र सिंह पंवार,डॉ . दिवाकर बेबनी और डॉ सुमन सिंह गुसाईं निर्णायक रहे। हिंदी ,अंग्रेजी और अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष ने छात्र छात्राओं को भविष्य में ऐसी प्रतियोगिताओं में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में नेहा प्रथम स्थान पर रही।अंशिका सोलंकी पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान और हिंदी भाषण में वासुतोष प्रथम और उदिता त्वरित भाषण प्रतियोगिता में प्रथम रहीं।

# मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों ने शुरू किया कार्यबहिष्कार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में सेवारत मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। मिनिस्ट्रीयल कर्मी सभी रिक्त पदों के सापेक्ष पदोन्नति की मांग कर रहे हैं। इस दौरान कर्मचारियों ने धरना देते हुए जमकर प्रदर्शन किया।

शुक्रवार को पौड़ी के चिकित्सा परिसर में उत्तरांचल मेडिकल एंड पब्लिक हेल्थ मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन के आह्वान पर मिनिस्ट्रीयल कर्मियों ने कार्य बहिष्कार शुरू किया। उन्होंने परिसर में धरना देते हुए कर्मियों ने प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर एसोसिएशन के प्रांतीय महासचिव संजय नेगी व जिलाध्यक्ष रविंद्र सिंह डोगरा ने बताया कि मिनिस्ट्रीयल कर्मी सवंर्ग के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी से वरिष्ठ सहायक के समस्त रिक्त पदों पर पदोन्नति प्रदान किए जाने, कनिष्ठ सहायक के अधिसंख्या होने पर समायोजन की मांग कर रहे हैं। जिसको लेकर स्वास्थ्य महानिदेशक व निदेश से लगातार रिक्त पदों के सापेक्ष मिनिस्ट्रीयल कर्मियों की पदोन्नति संबंधी लिखित व मौखिक रूप से आवाज उठा रहे हैं। लेकिन लंबे समय से लंबित पड़ी मांग का समाधान नहीं हो पाया है। जिससे कार्मिकों में खासा आक्रोश है।

एसोसिएशन पदाधिकारियों ने कार्मिकों को पदोन्नति जल्द प्रदान नहीं किए जाने पर पर आंदोलन और उग्र किए जाने की चेतावनी दी है। प्रदर्शन करने वालो में कार्मिक धीरेंद्र पटवाल, अंकित बागवानी, सरिता रावत, अमित रावत, अंकित भट्ट, विकास रावत, नीतिका असवाल, विनय थपलियाल, सुमन सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्मिक शामिल रहे।

# अफसर जनता की भावनाओं के अनुरूप तेजी से कार्य पूर्ण करें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने शुक्रवार को चमोली जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों में संचार सेवा विस्तार के लिए बीएसएनएल द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। दूरस्थ क्षेत्रों में पुअर नेटवर्क कनेक्टिविटी को लेकर उन्होंने अधिकारियों को जनता की भावनाओं के अनुरूप तेजी से कार्य पूर्ण करने व नेटवर्क कनेक्टिविटी सुधारने के निर्देश दिए। साथ ही तहसील एवं विभागीय अधिकारियों से समन्वय बनाकर विभिन्न स्तरों पर लंबित प्रकरणों का तत्काल निस्तारण करने और संचार विहीन क्षेत्रों को नेटवर्क सुविधा से आच्छादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीएसएनएल के अधिकारियों को द्रोणागिरी साइट का विजिट करने को कहा।



बैठक में बीएसएनएल के जेटीओ लोकेश पुरोहित ने बताया कि जनपद में कर्णप्रयाग डिवीजन में 21 साइटों में से 15 साइटें चल रही हैं, जबकि 06 साइटों पर कार्य चल रहा है। गोपेश्वर डिवीजन में 45 में से 36 साइटें चल रही हैं बाकी 09 पेंडिंग हैं। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, बीएसएनएल के जेटीओ विनय भट्ट सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### शिक्षा मंत्री ने भावी उप शिक्षा अधिकारियों को दिए टिप्स

देहरादून। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने भावी उप शिक्षा अधिकारियों को छात्र हित में गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान किए जाने के संबंध में टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा अधिकारियों को भविष्य में उच्च स्तरीय पदों पर कार्य करने की संकल्पना को लेकर अभी से काम करने की आवश्यकता है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रत्येक ब्लॉक में एक–एक आवासीय विद्यालय खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। एक माह के विभागीय प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे उप शिक्षा अधिकारियों को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षकों एवं छात्रों के लिए संसाधन व्यवस्था किए जाने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। विद्यालय में भवन, पानी , विद्युत, शौचालय, फर्नीचर, किताबें एवं शिक्षक जैसे सात महत्वपूर्ण संसाधन उपलब्ध कराते हुए मनोयोग से काम करना होगा।

# रुद्रप्रयाग की ग्रामीण महिलाएं दिल्ली में लेंगी विशेष प्रशिक्षण, आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा कदम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से रुद्रप्रयाग जिले के तीनों विकासखंडों की महिलाओं को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, दिल्ली में विशेष प्रशिक्षण के लिए भेजा गया। इस दल को केदारनाथ विधायक श्रीमती आशा नौटियाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महिलाओं का यह दल 7 मार्च से 10 मार्च तक भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, दिल्ली प्रशिक्षण लेगा।

ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। दिल्ली से लौटने के बाद ये महिलाएं अन्य ग्रामीण महिलाओं को भी प्रशिक्षण देंगी, जिससे वे भी नए कौशल सीखकर आर्थिक रूप से सशक्त हो सकेंगी। इस अवसर पर विधायक श्रीमती आशा नौटियाल ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को स्वावलंबी बनाना है। उन्होंने कहा, सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस मिशन से महिलाओं को न केवल रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, बल्कि वे अपनी आजीविका को भी सुदृढ़ कर सकेंगी।

यह कदम उनके सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। प्रशिक्षण के बाद, महिलाएं अपने-अपने गांवों में अन्य महिलाओं को भी प्रशिक्षित करेंगी, जिससे वे खुद का व्यवसाय शुरू कर सकेंगी। इससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी और उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। सरकार द्वारा इस तरह के प्रयासों से महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनने का अवसर मिलेगा, बल्कि समाज में उनकी भूमिका भी और अधिक सशक्त होगी। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और वे भी आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होंगी। दिल्ली में प्रशिक्षण के लिए जाने वाली महिलाओं ने इस अवसर पर खुशी जताई और कहा कि यह उनके लिए एक बड़ा अवसर है। उन्होंने सरकार और प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण से उन्हें नई तकनीक और कौशल सीखने का अवसर मिलेगा, जिससे वे अपने परिवार और समाज की प्रगति में योगदान दे सकेंगी। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी ऊखीमठ अनुष्का एवं समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।

# डीएम ने की जिला योजना के प्रस्तावों की समीक्षा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने शुक्रवार को पंचायती राज, महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास, लघु सिंचाई, सिंचाई खण्ड थराली व चमोली को जिला योजना में अवमुक्त धनराशि और आगामी जिला योजना के प्रस्तावों को लेकर समीक्षा बैठक ली।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों को सुरक्षा कार्यों एवं ऐसी योजनाओं के प्रस्ताव लाने के निर्देश दिए जिससे बड़ी आबादी का फायदा पहुंचे। उन्होंने सिंचाई विभाग को पपियाणा नाले का बजट की प्रत्याशा में ट्रीटमेंट की कार्यवाही शुरू करने तथा मायापुर नाले का खनन निधि में प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास को महिलाओं के उत्थान व कुपोषण दूर करने संबंधी कार्यों के प्रस्ताव बनाने को कहा। अर्थ एवं संख्या अधिकारी विनय जोशी ने बताया कि जिला



योजना में अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष बाल विकास व पंचायती राज ने शत प्रतिशत, लघु सिंचाई 77.65, सिंचाई खण्ड चमोली 96.97 तथा सिंचाई खण्ड थराली 82 प्रतिशत व्यय कर लिया है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी नन्दन कुमार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### गैरसैंण पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का बयान आपत्तिजनक : दसौनी

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा दसौनी ने कहा कि भाजपा शायद इस बात को समझ नहीं पा रही है कि मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल का सदन में दिया गया बयान राजनीतिक नहीं, भावनात्मक मुद्दा है। उन्होंने कहा कि अग्रवाल के बयान पर गैरसैंण में हुए जनांदोलन को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट सड़कछाप नेताओं का आंदोलन कह रहे हैं, जो बहुत आपत्तिजनक है। कांग्रेस भवन में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में गरिमा ने कहा कि प्रेमचंद अग्रवाल ने जो कुछ भी लोकतंत्र के मंदिर विधानसभा के अंदर कहा, उसने पहाड़ी समुदाय को गहरा आघात पहुंचाया है। उनकी भावनाओं को बहुत चोट पहुंची है। चोट पर मरहम लगाने की बजाय, भाजपा नेतृत्व बार–बार उस पर नमक छिड़कने का काम कर रहा है। गरिमा ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भट्ट का पहले उत्तराखंड वासियों को मुकदमे की धमकी देना और अब राज्य आंदोलनकारी को सड़कछाप नेता कहना दर्शाता है कि उन्हें मामले की गंभीरता का जरा भी अंदाजा नहीं है।

# फायर लाइन बनाकर फायर को जंगलों तक जाने को रोकने की रणनीति बनाएं

नई टिहरी : फायर सीजन के दृष्टिगत वनाधिकारियों ने टिहरी वन प्रभाग के डायजर स्थिति क्रू-स्टेशन का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने वनकर्मियों के साथ गोष्ठी कर वनाग्नि काल में वनाग्नि की घटनाओं को न्यनूतम करने के लिए विभिन्न स्तरों पर गोष्ठी करने के निर्देश दिये।

फायर लाइन बनाकर फायर को जंगलों तक जाने को रोकने की रणनीति पर काम करने को निर्देशित किया। गोष्ठी के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्य वन संरक्षक गढ़वाल प्रभाग नरेश कुमार व भागीरथी वृत के वन संरक्षक धर्म सिंह मीणा ने कहा कि इस बार वनाग्नि के मानिटरिंग को केंद्रीकृत मानिटरिंग की व्यवस्था की गई है। फारेस्ट मानिटरिंग को एप भी लांच किया गया है। जिसकी मदद से वनाग्नि की घटनाओं व उन पर होने वाली कार्यवाहियों की निगरानी की जायेगी। वन विभाग के वाहनों पर जीपीएस लगाकर भी मानिटरिंग फायर सीजन के दौरान की जायेगी। पानी के भरे वाहनों को साथ रखकर आग लगने वाले क्षेत्रों में आग को रोकने का किया जायेगा।

वनाग्नि की घटनाओं को लेकर किसी भी प्रकार का अफवाह न हो। इसके लिए सूचना कंट्रोल रूम से दी जायेगी। मीडिया व सोशल मीडिया कर्मियों के साथ इस दौरान गोष्ठी कर वनाग्नि सूचनाओं को लेकर सटीक जानकारियां साझा की जायेंगी। आग के नियंत्रण को प्रभावी कार्यवाहियों के लिए रेवेन्यू विभाग, वन संरपंचों व स्थानीय लोगों से भी समन्वय किया जायेगा।

# मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने महिला सशक्तिकरण की योजनाओं के निष्पादन लेखापरीक्षा के निर्देश दिए

देहरादून। महिला सशक्तिकरण की विभिन्न योजनाओ की शुरूआत से अभी तक कितनी महिलाओं को लाभ पंहुचा हैं, इस सम्बन्ध में सटीक जानकारी तलब करते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने महिला सशक्तिकरण से जुड़ी सभी योजनाओं के निष्पादन लेखापरीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। सीएस ने योजनाओं के लक्षित वर्ग पर पड़ने वाले प्रभाव के आधार पर योजनाओं के गुणवत्ता में सुधार करते हुए रिमॉडयूलेशन के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने सचिव स्तर पर इन योजनाओं के रिमॉडयूलेशन के ड्राफ्ट पर कार्य करने की जिम्मेदारी तय की है। लक्षित वर्ग को योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाने को लेकर मुख्य सचिव रतूड़ी ने योजनाओं के प्रभाव मूल्यांकन की हिदायत दी है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी आज सचिवालय में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के तहत उत्तर-ाखण्ड महिला एवं बाल विकास समिति की महासभा की वार्षिक बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिव महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास को मुख्यमंत्री महिला सतत आजीविका योजना के साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा संचालित महिलाओं की आजीविका से जुड़ी सभी योजनाओं को जोड़ने के निर्देश दिए हैं।

### टैक्स बकाया में चल रहे वाहनों होंगे सीज

देहरादून। यदि आपने अभी तक अपने कमर्शियल वाहन का मोटर वाहन टैक्स जमा नहीं किया तो जल्दी जमा कर लीजिए। टैक्स जमा नहीं करने पर परिवहन विभाग की टीम आपके वाहन को सीज कर नीलाम कर सकती है। इसके लिए विभाग की ओर से बकाया वसूली पखवाड़ा चलाया जा रहा है। आरटीओ (प्रवर्तन) शैलेश तिवारी ने बताया कि किसी भी वाहन का एक या दो तिमाही का मोटर वाहन टैक्स जमा नहीं है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बताया कि टैक्स की शत प्रतिशत वसूली के लिए वाहन स्वामियों को नोटिस भेजे जा चुके हैं, अब विभाग ऐसे वाहनों के खिलाफ 15 दिवसीय अभियान चला रहा है, जिसे बकाया वसूली पखवाड़ा नाम दिया गया है। बताया कि इस दौरान ऐसे वाहनों को सीधे सीज किया जाएगा, जिन पर लंबे समय से टैक्स बकाया चल रहा है। सीज करने के बाद भी यदि वाहन स्वामी टैक्स जमा कर वाहन को नहीं छुड़ाता है तो नीलाम किया जाएगा।

# जेनेरिक दवाओं के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर जोर दिया

**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में जिला चिकित्सालय सहित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में जन औषधि दिवस मनाया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री जन औषधि योजना के उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाने तथा जेनेरिक दवाओं के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

जन औषधि दिवस के मौके पर पालिकाध्यक्ष संतोष रावत ने माधवाश्रम जिला चिकित्सालय स्थित जन औषधि केंद्र का भ्रमण कर सेवाओं का जायजा लिया। उन्हांने चिकित्सालय प्रशासन से सभी जरूरतमंद लाभार्थियों को योजना के अंतर्गत गुणवतापूर्ण किफायती दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने की अपील



की। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनोज बडोनी ने बताया कि प्रधानमंत्री जन औषधि योजना के बारे में जन जागरूकता बनाने के मकसद से हर वर्ष 07 मार्च को जन औषधि दिवस का आयोजन किया जाता है। वहीं, जनपद के 54 आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सीएचओ द्वारा इस योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

# सरकार हेल्थ सिस्टम को बेहतर करने के लिए कर रही कार्य

नई टिहरी : चंबा और थौलधार ब्लॉक में 20 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) को आईसीएमआर (भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद) की पहल पर चंबा के मसीह अस्पताल में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान कार्मिकों को प्राथमिक उपचार सहित स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार के दौरान किए जाने वाले उपायों की जानकारी दी जाएगी।

नगर पालिकाध्यक्ष शोभनी धनोला ने बीते दिवस प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सरकार हेल्थ सिस्टम को बेहतर करने के लिए कार्य कर रही है। इस मौके पर डॉ. रूपा, डॉ. सिद्धार्थ, डॉ. अंजलि, भाजपा के मीडिया प्रभारी डॉ.



प्रमोद उनियाल, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अंकित सजवाण, नेहा नकोटी, राजकुमारी, मनोज कुमार, हेम प्रकाश मौजूद रहे। (एजेंसी)

### एक सप्ताह में नहीं मिला वेतन तो आंदोलन करेंगे शिक्षक

देहरादून। अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूलों के शिक्षक कर्मचारियों और अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत मानदेय प्राप्त पीटीए शिक्षकों का कई जनपदों में बजट के अभाव में जनवरी से वेतन नहीं मिला है। अशासकीय मध्यमिक शिक्षक संघ ने इस पर रोष व्यक्त किया है। संघ प्रांतीय अध्यक्ष संजय बिजल्वाण और महामंत्री महादेव मैठाणी ने कहा कि अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों का वेतन बजट पूरे साल का एक ही बार में शिक्षा निदेशालय को अवमुक्त किया जाना चाहिए। जिससे बार–बार शासन के चक्कर न लगाने पड़ें और आवश्यकता पड़ने पर निदेशालय से ही बजट जारी हो सके। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर वेतन बजट जारी नहीं किया गया तो अशासकीय माध्यमिक शिक्षक संघ को मजबूर होकर आंदोलन करना पड़ेगा।

# राजभवन में वसंतोत्सव–2025 का भव्य शुभारंभ हुआ

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को राजभवन में 'वसंतोत्सव–2025' का शुभारंभ किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और विभिन्न फूलों की भव्य प्रदर्शनी के साथ ही राजभवन के बहुप्रतीक्षित आयोजन वसंतोत्सव की शुरुआत हो गई। राज्यपाल ने इस अवसर पर डाक विभाग द्वारा इस वर्ष के लिए विशेष डाक आवरण के लिए चयनित औषधीय गुणों से भरपूर पौधे ''जटामांसी'' का विमोचन किया, साथ ही डाक विभाग देहरादून द्वारा लगायी गयी भव्य डाक टिकट प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ ही आईएमए, पीएसी और होमगार्ड के जवानों ने बैंड की मधुर धुनों से समां बांध दिया। जौनसार से आए कलाकारों ने पारंपरिक हारूल नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गोरखा राइफल्स के जवानों ने खुखरी नृत्य के माध्यम से अपनी अद्भुत शारीरिक और मानसिक शक्ति का प्रदर्शन किया। देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार की छात्राओं ने योग प्रदर्शन के दौरान अद्भुत करतब दिखाए, निरामया योगम रिसर्च फाउंडेशन, हरिद्वार एवं उत्तरांचल आयुर्वेदिक कॉलेज, देहरादून द्वारा भरत नाट्यम आधारित योग नृत्य तथा शिव तांडव की मनमोहक प्रस्तुति की गई, जिसका निर्देशन योगाचार्य डॉ. उर्मिला पाण्डे द्वारा किया गया और उत्तरांचल आयुर्वेदिक कॉलेज, देहरादून के रोहित कुमार 38वें राष्ट्रीय खेल के गोल्ड मेडलिस्ट द्वारा एकल आर्टिस्टिक योगा का भव्य प्रदर्शन किया गया।

**जयन्त**
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com